दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak






अद्भुत...
अलौकिक...
मनमोहक...

अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठानः रंग बिरंगे फूलों से सजाया गया राम मंदिर

# आज आएंगे प्रभु श्रीराम

प्रभु का अभिनंदन वंदन...

## परब्रह्म हैं हर मुहूर्त से परे

विनायक शर्मा

**496 साल** बाद आखिरकार यह ऐतिहासिक घड़ी आ ही गई... रामलला अपने जन्मस्थान पर आएंगे। यूं तो वे न सिर्फ अवध, अपितु संपूर्ण भारत के कण-कण, हर सनातनी जन-मन में अनंतकाल से विराजे हैं, और अनंतकाल तक विराजमान रहेंगे। वे ही हर जन के प्राण हैं, वे ही हृदय के प्रत्येक स्पंदन में हैं। अयोध्या में प्रभु श्रीराम कब आ रहे हैं? कौन-सा मुहूर्त है? ये प्रश्न उठाना ही सर्वदा अनुचित ही है, क्योंकि परब्रह्म विष्णु के अवतार हैं प्रभु श्रीराम। और, जो मुहूर्त, समय, काल और ज्योतिष शास्त्र से परे है, वही तो परब्रह्म है और "परब्रह्म" का शाब्दिक अर्थ है 'सर्वोच्च ब्रह्म', वह ब्रह्म, जो सभी वर्णनों और संकल्पनाओं से भी परे है। अद्वैत वेदान्त का निर्गुण ब्रह्म भी परब्रह्म है। वैष्णव, शाक्त और शैव सम्प्रदायों में भी क्रमशः विष्णु, आदिशक्ति तथा शिव को परब्रह्म माना गया है। तो, भगवान श्री विष्णु के अवतार श्रीराम परब्रह्म ही हैं।

वैसे देखा जाए तो परब्रह्म की मात्र यही इतनी परिभाषा नहीं हो सकती। उत्तम से उत्तम अर्थात अतिउत्तम विचार, भाव, वेद, शास्त्र मंत्र, तंत्र, आधुनिक विज्ञान, ज्योतिष आदि किसी भी माध्यम से उसकी परिभाषा नहीं हो सकती। विद्वानों ने कहा है कि ब्रह्म से भी परे एक सत्ता है, जिसे वाणी के द्वारा व्यक्त नहीं किया जा सकता। वेदों में उसे नेति-नेति कहा गया है। वह सनातन है, सर्वव्यापक है, सत्य है, परम है। वह वाणी और बुद्धि का विषय नहीं है। इतना ही नहीं, उपनिषदों ने कहा है कि समस्त जगत ब्रह्म पर टिका है और ब्रह्म परब्रह्म पर टिका है। अर्थात् वह सभी मुहूर्तों, काल, समय, ज्योतिष आदि से परे है... तो उसके लिए कैसा मुहूर्त, कैसा काल, कैसा समय, कैसे योग, कैसे संयोग? और, यह भी सत्य है कि परब्रह्म का प्राकट्य होता है। स्पष्ट है जिसका प्राकट्य हो, उसके लिए जोग, लगन इत्यादि सभी स्वतः अनुकूल हो जाते हैं। तभी तो श्रीरामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है-

जोग लगन ग्रह बार तिथि सकल भए अनुकूल।
चर अरु अचर हर्षजुत राम जनम सुखमूल॥

अर्थात्- योग, लग्न, ग्रह, वार, तिथि इत्यादि सभी अनुकूल हो गए, हितकर हो गए सहायक हो गए, सखा और मित्र हो गए। सभी जड़ और चेतन हर्षयुक्त हो गए, रोमांचित, पुलकित और प्रसन्नचित्त हो गए, क्योंकि श्रीराम का केवल जन्म लेना ही सकल सुखानुभूति का शुभारंभ है, सम्पूर्ण सुख-शांति और समृद्धि का मूल आधार है, समस्त सखानन्दधाम का आदि कारण है।

वैसे भी, परब्रह्म का प्राकट्य होता है, वे प्रसव से नहीं आते हैं। प्रभु श्रीराम का भी प्राकट्य ही हुआ। तभी तो गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित, रामचरित मानस, बालकाण्ड में प्रभु के प्राकट्य पर स्तुति इस छंद से प्रारंभ हुई है...

भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौसल्या हितकारी।
हरषित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी।

यह तो हुई मुहूर्त और घड़ी की चर्चा। अब बात करते हैं उस पावन स्थल की, जहां प्रभु प्रकट हुए, जिसे रामजन्मभूमि कहा गया। इतिहास गवाह है, वहां स्थित प्रभु के महल की जगह बाबर के सेनापति मीर बाकी ने 1527 ईस्वी में मस्जिद का निर्माण कराया था। और तो और, इस स्थल को साल 1940 से पहले 'मस्जिद-ए-जन्म अस्थान' भी कहा जाता था। स्पष्ट है, आज 496 वर्ष बाद प्रभु श्रीराम अपने मंदिर (महल) विधि-विधान में विराजेंगे। उनका अभिनंदन... वंदन।

## अयोध्या सजधज कर तैयार

एजेंसी | अयोध्या

नगरी हो अयोध्या सी, रघुकुल सा घराना हो...यह गीत हम लंबे समय से सुनते आए हैं, लेकिन जिस रूप में आज मर्यादा पुरुषोत्तम की राजधानी अयोध्या नजर आ रही है, वैसा कभी पहले नहीं देखने को मिला। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा से पहले राम मंदिर सजकर तैयार हो गया है। श्रीराम के मंदिर को फूलों से सजाया गया है। रामलला के नए घर को रौशनी से ऐसे संवारा गया है कि देखने वालों का मन आह्लादित हो उठे। मंदिर परिसर से लेकर गर्भगृह तक की अद्भुत शोभा मन मोहने वाली है। राम मंदिर ही नहीं, पूरी अयोध्या नगरी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के स्वागत में देवनगरी बनी हुई है। अयोध्या और आसपास का माहौल राममय दिखाई देता है। अयोध्या को देव नगरी की तरह सजाने के काम में 'राम नाम' की गूंज ने उत्साह भरने का काम किया। राम मंदिर की सजावट कुछ ऐसी है कि नक्काशी के एक-एक नमूना रौशनी से नहाने के बाद मोतियों की तरह चमकने लगा। मंदिर के अंदर का मंडपम और उकेरी गईं कलाकृतियां मानो देव लोक की उत्कष्ट चित्रकला शैली का परिचय दे रही हों।

## योगी पहुंचे... मोदी आज पहुंचेंगे

भगवान श्रीराम पांच शताब्दियों के बाद सोमवार को अपने मंदिर में विराजमान होंगे। इसको लेकर पूरी तैयारियां की ली गई है। रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए अतिथि आने लग गए हैं। दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगास्टार रजनीकांत और सुपरस्टार धनुष प्राण प्रतिष्ठा में भाग लेने लखनऊ पहुंच गए हैं। वहीं, सीएम योगी आदित्यनाथ रविवार की शाम अयोध्या पहुंचे। सोमवार सुबह पीएम नरेंद्र मोदी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा देश भर से तीन हजार अतिविशिष्ट लोगों और 4 हजार साधु-संतों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। सिनेमा, खेल, व्यापार जगत के दिग्गज रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान अयोध्या शहर में 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं का जमावड़ा होने की उम्मीद की जा रही है।

# राम की भक्ति में डूबी छोटी काशी

## पूरा प्रदेश राममय

उत्सव जैसा माहौल... हर शहर-गांव रोशन, मंदिरों में विशेष अनुष्ठान

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर प्रदेश में उत्साह चरम पर

राजधानी के बड़े मंदिरों में मेले का माहौल, हर कोई रामभक्ति में डूबा

बाजारों, प्रतिष्ठानों, सरकारी भवनों के अलावा निजी मॉल्स भी जगमगाए रोशनी से

जगमग त्रिपोलिया गेट...



फोटो: पंकज शर्मा



बेधड़क | जयपुर

लंबे इंतजार के बाद आज अयोध्या में प्रभुश्री राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होगी। पूरे देश में उत्सव सा माहौल है। प्रदेश में भी दिवाली जैसा माहौल नजर आ रहा है। घर-घर में दीपोत्सव की तैयारी चल रही है। प्रदेश के लगभग सभी शहरों, कस्बों व गांवों में रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पर उत्सव मनाया जाएगा। लोगों ने अपने घरों पर भगवा ध्वजा लहराई है। राजधानी में भी समारोह को लेकर उत्साह चरम पर है। यहां के सभी छोटे-बड़े मंदिरों को रंगीन रोशनी से सजाया गया है। रंगोली बनाई गई है। सर्वसमाज की ओर से रामगंज चौपड़ स्थित मुरली मनोहर मंदिर पर सवा लाख दीपकों से महाआरती की गई। इस महाआरती में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा के दौरान मंदिरों में विशेष अनुष्ठान किए जाएंगे। ये अनुष्ठान रविवार को भी जारी रहे। नगर निगम मुख्यालयों को रंगीन रोशनी से सजाया गया है।

## प्रभु के स्वागत में अल्बर्ट हॉल पर आज एक साथ उड़ेंगे 300 ड्रोन

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को भव्य बनाने के लिए रामनिवास बाग को अयोध्या सा रूप दिया गया है। यहां 35 फीट ऊंचा श्रीराम मंदिर का निर्माण अंतिम चरण में है। इसे बनाने के लिए 150 बंगाली कारीगर जुटे हैं। अयोध्या की तर्ज पर रामद्वार, सीताद्वार, लक्ष्मण द्वार, हनुमान द्वार भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। सोमवार को यहां 300 ड्रोन आकाश में एकसाथ उड़ेंगे और हवा में राम मंदिर की प्रतिकृति बनाएंगे। सार्वजनिक स्थान पर इस प्रकार का आयोजन पहली बार हो रहा हैं, जिसे तीन से चार किमी तक की दूरी से लोग देख सकेंगे। श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट, नगर निगम ग्रेटर जयपुर एवं जयपुर व्यापार महासंघ की ओर से रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट हॉल पर प्रभु श्रीराम लला दीपोत्सव पर्व कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विशेष आकर्षण ड्रोन शो होगा। ट्रस्ट के एमएल सोनी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान राजस्थानी गीतों की प्रस्तुति होगी। रामनिवास बाग में कन्नौज के विशेष इत्र का छिड़काव किया जाएगा और साथ ही हेलिकॉप्टर से फूलों की बारिश होगी और महाआरती होगी।

पेज 3-6 और 8 भी देखें

## जरूरी खबर

### लीकेज मरम्मत में देरी पर ठेकेदार पर लगाएं पेनल्टी



**जयपुर।** जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने बीसलपुर बांध का दौरा किया। इस दौरान मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने लीकेज मरम्मत कार्य समय पर कर पानी की बर्बादी रोकने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बीसलपुर वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट से जुड़े अभियंताओं को निर्देश है कि तय लिमिट से अधिक पानी की बर्बादी न हो। वहीं लीकेज मरम्मत में देरी होने पर कांट्रैक्ट एग्रीमेंट के मुताबिक पेनल्टी लगाई जाए। उन्होंने अजमेर, जयपुर और टोंक जिलों के लिए अतिरिक्त वाटर रिजर्वेशन के बारे में कार्य योजना प्रस्तुत करने को भी कहा कहा।

### पीएम के दौरे की तैयारियों का लिया जायजा

**बेधड़क. जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमेनुएल मैक्रो के जयपुर दौरे की तैयारी को लेकर प्रशासन एक्टिव मोड में आ गया है। रविवार को कलेक्ट्रेट और नगर निगम के अधिकारियों ने चार दिवारी के प्रमुख बाजारों का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री के सचिव टी रविकांत भी मौजूद रहे। उन्होंने चारदीवारी में हो रहे अतिक्रमण और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई और 24 घंटे में इसे दुरुस्त करने के आदेश दिए। पीएम मोदी मोदी के फ्रांस के राष्ट्रपति 25 जनवरी को जयपुर यात्रा पर आएंगे। इस दौरान बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार होते हुए सांगानेरी गेट तक रोड शो निकाला जाएगा।

### अभ्यर्थियों ने कैंडल मार्च निकाल कर जताया विरोध



**बेधड़क. जयपुर।** नर्सिंग-पैरामेडिकल भर्ती अभ्यर्थियों का धरना रविवार को झालाना में सीफू के सामने चौथे दिन भी जारी रहा। शाम को केंडल जलाकर अभ्यर्थियों ने सीफू के खिलाफ नारेबाजी की। अभ्यर्थियों ने कोरोनावीरों का अपमान... नहीं सहेंगे... नहीं सहेंगे सरीखें नारे लगाए। वहीं सोमवार को धरनार्थियों की ओर से राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मौके पर हवन यज्ञ व कलश यात्रा व रामचरितमानस का पाठ कर नियुक्ति की मांग रखी जाएगी। इससे पहले अभ्यर्थियों ने दिनभर नियुक्ति को लेकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी करते रहें। प्रदर्शन में शामिल होने के लिए प्रदेशभर से अभ्यर्थी पहुंचे।

---

**ट्रांसफर के बाद भी ड्यूटी जॉइन नहीं करने पर अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई**

# कार्मिक विभाग ने 11 RAS को थमाए कारण बताओ नोटिस

■ चार अधिकारियों को मेडिकल बोर्ड के सामने पेश होने के आदेश



**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान में सत्ता परिवर्तन के बाद सूबे की नई सरकार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के तबादले किए थे। इनमें कुछ अधिकारियों ने ट्रांसफर के बाद अभी तक ड्यूटी जॉइन नहीं की है। ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्मिक विभाग ने सख्त कदम उठाने की तैयारी कर ली है।

कार्मिक विभाग ने रविवार को 11 आरएएस अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, वहीं बीमारी को कारण बता अवकाश लेने वाले 4 अधिकारियों को मेडिकल बोर्ड के सामने पेश होने के आदेश दिए हैं। 11 आरएएस अधिकारी वो हैं, जिन्होंने ट्रांसफर के बाद नई जगह पर जॉइन नहीं किया है। वहीं 4 आरएएस अधिकारी वो हैं, जिन्होंने कारण बताओ नोटिस में नई जगह जॉइन नहीं करने का कारण खुद की बीमारी को बताया। ऐसे अधिकारियों को अब मेडिकल बोर्ड के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। गौरतलब है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पिछले दिनों अफसरशाही को साफ हिदायत दी थी कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने जनता के काम में कोताही करने वाले अधिकारियों को सीधे तौर पर चेतावनी दी थी।

#### इन अधिकारियों को मिला नोटिस

तबादले के बाद नई जगह जॉइन नहीं करने पर 11 RAS अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें आरएएस सुरेंद्र सिंह यादव, हनुमान सिंह राठौड़, सुमन सोनम, प्रभजोत गिल, हेमराज गुर्जर, राकेश कुमार द्वितीय, जगदीश सिंह, बृजेश गुप्ता, भावना सिंह, पुनीत कुमार गैलरा और श्रीकांत व्यास शामिल हैं। इन अधिकारियों में से अधिकतर का ट्रांसफर 5 जनवरी को जारी हुई लिस्ट में हुआ था।

#### ये होंगे मेडिकल बोर्ड के सामने पेश

पिछले दिनों तबादला होने पर भी नए पद पर जॉइन नहीं करने वाले आरएएस अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इनमें से कुछ अफसरों ने नोटिस के जवाब में बीमारी को कारण बताया था। इन अधिकारियों में आरएएस शिवचरण मीणा, आरएएस राकेश कुमार गुप्ता, आरएएस राकेश कुमार मीणा और आरएएस गौरीशंकर मीणा शामिल हैं। इन चारों को अब मेडिकल बोर्ड के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है।

---

**गहलोत, पायलट, डोटासरा सहित पांच नेताओं के नाम की चर्चा**

# मौजूदा विधायकों को लोकसभा चुनाव लड़वा सकती है कांग्रेस

■ रंधावा व आनंद शर्मा ने दिए थे संकेत

■ विधायकों की लोकप्रियता व जीतने की क्षमता के सभी पैमानों पर जुटाई जा रही जानकारी

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में हाल में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद अब पार्टी लोकसभा चुनाव में नया प्रयोग कर सकती है। कांग्रेस विधायकों की जनता के बीच लोकप्रियता व उनके जीतने की क्षमता के आंकलन में पार्टी अभी से ही जुट गई है।

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस मौजूदा विधायकों को लोकसभा चुनाव लड़वा सकती है। पूर्व सीएम अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित पांच नेताओं के नाम की चर्चा सांसद के चुनाव के लिए चर्चा में हैं।

कांग्रेस दो दिन पूर्व जयपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित कांग्रेस मेनिफेस्टो समिति के सदस्य तथा कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा व प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने इसके संकेत दिए हैं।

रंधावा कह भी चुके हैं कि लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट उम्मीदवार की जीतने की क्षमता को देखते हुए दिए जाएंगे। इस बार हमारा मुख्य ध्यान युवाओं पर भी होगा। हम युवा नेताओं को तैयार करेंगे, क्योंकि वह हमारा भविष्य हैं। कांग्रेस के इन दो बड़े नेताओं का यह बयान लोकसभा चुनाव में बदलाव के संकेत दिया है। पार्टी इसी लिहाज से बड़े फैसले भी लेने शुरू कर दिए हैं। इसके साथ पार्टी उन बातों पर भी फोकस कर रही है, जिस वजह से विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है।



#### रंधावा ने की थी पैरवी

हाल ही में जयपुर में पार्टी नेताओं और विधायकों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान रंधावा ने कहा था कि लोकसभा चुनाव में जीत की क्षमता रखने वाले उम्मीदवारों को टिकट दिया जाएगा। इसके अलावा हमारे युवा नेताओं को खास तवज्जो दी जाएगी। उन्होंने एक सवाल का जवाब देते हुए ये भी कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी सांसदों को विधानसभा का चुनाव लड़वा सकती है तो कांग्रेस विधायकों को लोकसभा का चुनाव क्यों नहीं लड़वा सकती। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए हुई बैठक के बाद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट उम्मीदवार की जीतने की क्षमता को देखते हुए दिए जाएंगे। इस बार हमारा मुख्य ध्यान युवाओं पर भी होगा। हम युवा नेताओं को तैयार करेंगे, क्योंकि वह हमारा भविष्य है।

#### चुनाव में उतारे जा सकते हैं ये दिग्गज

बीजेपी राजस्थान में 25 में से 25 सीटों पर जीत दर्ज करने का प्लान बना रही है। ऐसे में कांग्रेस अब राजस्थान में बड़े दिग्गजों को उतारने की तैयारी कर रही है। इसमें अशोक गहलोत और सचिन पायलट का नाम भी शामिल है। राजनीतिक जानकारों की मानें तो जोधपुर लोकसभा सीट से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को चुनाव लड़वाया जा सकता है, वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को सीकर लोकसभा सीट से चुनाव में उतारा जा सकता है। बायतु विधायक हरीश चौधरी को जैसलमेर बाड़मेर से चुनाव लड़वाया जा सकता है, वें इससे पहले भी सांसद रह चुके हैं। गोविंद राम मेघवाल को बीकानेर लोकसभा सीट से चुनाव लड़वाया जा सकता है। दिग्गजों में सचिन पायलट, भंवर जितेंद्र सिंह, अशोक चांदना के नाम भी इस सूची शामिल हो सकते हैं।

---

**सूचना सहायक परीक्षा संपन्न**

# एसओजी ने डमी कैंडिडेट को किया गिरफ्तार

■ 52 फीसदी अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से सूचना सहायक सीधी भर्ती परीक्षा-2023 रविवार को एसओजी ने एक डमी कैंडिडेट को गिरफ्तार किया। जयपुर शहर के 185 केन्द्रों पर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुई परीक्षा में 52.90 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। जयपुर में कुल पंजीकृत 66 हजार 775 अभ्यर्थियों में से 35 हजार 325 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे।

वहीं, 31 हजार 450 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित पाए गए। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिये प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार जताया। वहीं कड़ी सुरक्षा एवं सतर्कता के चलते जयपुर के कालवाड़ रोड स्थित एक परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा शुरू होने से पहले ही एक डमी कैंडिडेट को एसओजी व एटीएस ने पकड़ लिया। एसओजी एडीजी वी.के. सिंह ने बताया कि रविवार को जस्थान कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सूचना सहायक की परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजन करवाने के लिए डीआईजी योगेश यादव के सुपरवीजन में कई टीमों का गठन किया गया। इसके चलते सेंटर पर नजर रखी गई। वी.के. सिंह ने बताया कि इसी दौरान एसआईटी की ओर से जारी किए हेल्पलाइन नम्बर पर सूचना मिली। सूचना के आधार पर एसआईटी की टीम और जयपुर कमिश्नरेट की टीम नवनिर्माण बाल निकेतन सेकेंडरी स्कूल, हाथोज, कालवाड़ रोड़ पर पुलिस ने रेड कर एक डमी कैंडिडेट प्रेम सिंह पुत्र किश्नाराम विश्नोई को गिरफ्तार किया। जो बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना का रहने वाला है। आरोपी प्रेम सिंह, विजय कुमार मीना के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। सेंटर के अधीक्षक की ओर से कालवाड़ थाने में आरोपी डमी कैंडिडेट के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। वहीं, आरोपी विजय कुमार मीना की तलाश में पुलिस टीमें गठित की गई है।



---

**उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया दो टंकियों का शिलान्यास**

# मूलभूत सुविधाएं देने का निभाया वादा

**बेधड़क | जयपुर**

बरसों से पीने की पानी की समस्या से जूझ रहे जयपुर के विद्याधर नगर इलाक़े में अब बीसलपुर-पृथ्वीराज नगर पेयजल योजना के अन्तर्गत पानी की टंकियों के निर्माण तेजी से शुरू होंगे।

रविवार को उपमुख्यमंत्री औऱ विद्याधर नगर क्षेत्र से विधायक दीया कुमारी ने वार्ड-6 की बृज कॉलोनी और वार्ड-12 की निर्मल विहार कॉलोनी में पानी की टंकियों का विधिवत शिलान्यास किया। इन पानी की टंकियों का निर्माण बीसलपुर-पृथ्वीराज नगर पेयजल योजना के तहत किया जा रहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमने बिजली, सड़क और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं जनता को उपलब्ध करवाने का वादा किया था औऱ अब सरकार के बनते ही उस पर अमल शुरू हो चुका है। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकरियों को ये प्रोजेक्ट गुणवत्ता के साथ जल्द पूरे करने के निर्देश दिए। दीया कुमारी ने कहा कि आम जनता को पीने की पानी की सप्लाई में तकनीकी खराबी के चलते परेशानी का सामना नही करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरा यह प्रयास है कि गर्मी के मौसम में लोगों को पानी की परेशानी न हो।



---

**बतौर पत्रकार राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में रहे थे सक्रिय**

# अयोध्या रवाना हुए विधायक गोपाल शर्मा

**बेधड़क | जयपुर**

सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए रविवार को अयोध्या रवाना हुए। राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में सक्रिय रहे शर्मा को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया गया है।

रविवार सुबह शर्मा सोडाला स्थित पेट्रोल पंप वाले बालाजी के दर्शन करने पहुंचे। यहां उनके समर्थक ने उनको अयोध्या के लिए विदाई देने पहुंचे थे। यहां राम दरबार रथ और मंच बना सजाया गया। ढोल-नगाड़ों के साथ शर्मा का जबरदस्त स्वागत किया गया। जय श्रीराम के नारों से वातावरण गूंज उठा। ऐतिहासिक समारोह में शामिल होने जा रहे अपने जनप्रतिनिधि को शुभकामनाएं देने के लिए बड़ी संख्या में सिविल लाइंस क्षेत्र के नागरिक जुटे और फूल मालाओं के साथ शुभकामनाएं दी। शर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया और जय श्री राम का उद्घोष करवाया। इस दौरान अयोध्या आंदोलन में शर्मा की भूमिका को दर्शाती पुस्तिका 'नमस्तुभ्यं' का लोकार्पण किया गया। इसके बाद शर्मा के समर्थकों ने उन्हें कंधों पर उठाकर मंच से गाड़ी तक पहुंचाया। कार्यकर्ता शर्मा को एयरपोर्ट तक छोड़ने गए। वहां भी जय श्रीराम के नारे लगाए गए। एयरपोर्ट के कर्मचारियों ने भी शर्मा को बधाई और उनकी सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी।



---

**कांग्रेस कार्यकर्ता भी मनाएंगे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव**

# टकराव की राजनीति बंद करे भाजपा: खाचरियावास

**बेधड़क | जयपुर**

पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने रविवार को कहा कि भगवान राम पूरे ब्रह्मांड के मालिक और सबका कल्याण करने वाले हैं।

22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी कांग्रेस कार्यकर्ता रोजाना की तरह भगवान राम की पूजा करेंगे मंदिरों में भजन कीर्तन किए जाएंगे शाम को दीपक जलाकर भगवान राम का आशीर्वाद लिया जाएगा। खाचरियावास ने कहा कि हम भगवान राम के वंशज हैं 22 जनवरी को हम अयोध्या जाना चाहते थे लेकिन 22 तारीख तक भाजपा ने लोगों के अयोध्या जाने पर रोक लगा दी है, 22 तारीख तक भाजपा का इवेंट रहेगा, 22 के पश्चात सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता राजस्थान से अयोध्या जाकर भगवान श्री राम के दर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान राम का मंदिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बन रहा है, भाजपा ने राम मंदिर के नाम से देशवासियों से 3200 करोड़ रुपए इकट्ठे कर लिए उसके ब्याज से मंदिर बन रहा है। ऐसे में भाजपा जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे का नारा लगाकर पाप कर रही है।



भगवान राम त्रेता में ही आ गए थे और पूरे ब्रह्मांड में पशु,पक्षी, जीव, जंतु, आकाश-पाताल, अग्नि, जल सबके मलिक भगवान राम है। भगवान श्री राम धर्म और जाति के नाम पर भेदभाव नहीं करते, उनके लिए सब बराबर है। इसलिए भाजपा को भगवान राम के रास्ते पर चलकर धर्म और जाति मे टकराव की राजनीति बंद करके राम राज्य के रास्ते पर चलना चाहिए, जहां कोई भेदभाव नहीं होता।

सबको बराबर से न्याय, रोटी और रोजगार मिलता है, ऐसे ही राम कण कण में और सबके दिलों में बसते हैं, इसलिए हम सब प्रभु श्री राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन को पूजा पाठ भजन कीर्तन और दीपक जलाकर उनका स्वागत करेंगे।

#### भाजपा को शास्त्र का ज्ञान नहीं

इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि भाजपा को ना तो शास्त्र का ज्ञान है और ना ही किसी और का, ये किसी की नहीं सुनते हैं। खाचरियावास ने कहा कि राम जी गोरे रंग के थे, परंतु इनको साउथ में अपना काम बनाना है तो इन्होंने राम की मूर्ति को भी साउथ से ही चुना है। इनका कब्जा है मंदिर और उससे जुड़ी सभी संस्थानों पर जो यह चाहते है वो हो रहा है।

#### राम मंदिर का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिया

प्रताप सिंह ने आगे कहा कि देश के शंकराचार्य बोल रहे है कि मंदिर पूरा नहीं हुआ, मंदिर पूरा करके प्राण प्रतिष्ठा कर ले, परंतु इनको तो चुनाव और वोटों की इतनी जल्दी है कि यह जो बोले वो ही सही है। वहीं उन्होंने कहा कि राम मंदिर का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिया, पैसे आम आदमी ने एकत्रित करके दिये, इनके ही सूत्र बताते है 3200 करोड़ एकत्र किया है।

---

# नशे की दवाइयां बेची तो लाइसेंस होगा रद्द

**बेधड़क | जयपुर**

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने उन जिलों में नशा मुक्ति परामर्श केंद्र खोलने के निर्देश दिए, जहां ऐसे मामले अधिक सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नशीली दवाइयों के विक्रेताओं के लाइसेंस रद्द करें।

सीएम ने यह निर्देश 100 दिवसीय कार्ययोजना पर चर्चा के दौरान दिए। शर्मा ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि जिला कलेक्टर के जरिए जिला चिकित्सालयों का सप्ताह में एक बार निरीक्षण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही, एडीएम, एसडीएम, सीएमएचओ, पीएमओ भी चिकित्सालयों में व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रिपोर्ट विभाग को प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय टीम गठित कर प्रदेश में औचक निरीक्षण कराएं। शर्मा ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों के लिए चिकित्सा शिक्षकों और प्रधानाचार्यों की नियुक्ति शीघ्र की जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न कारणों से लम्बित भर्तियों को भी पारदर्शिता के साथ पूरा करें। उन्होंने कहा कि जल्द ही भर्ती प्रक्रियाओं को पूरा करने का प्रयास होगा। सीएम ने खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि खाद्य सामग्री विक्रेताओं को कानूनों की जानकारी दी जानी चाहिए।

**श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की पूर्व संध्या पर सर्व हिंदू समाज का स्नेह मिलन समारोह**

# कम उम्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करने पर विनायक शर्मा का सम्मान

बेधड़क । जयपुर

सर्व हिंदू समाज की ओर से गोपालपुरा बाईपास रोड कान्हा पैराडाइज में अयोध्या के श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की पूर्व संध्या पर स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कम उम्र में मीडिया जगत में नए आयाम स्थापित करने के लिए 'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा को आयोजक मंडल ने सम्मानित किया। इस मौके पर विनायक शर्मा ने कहा कि लंबे समय और इंतजार के बाद प्रभु श्री राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की शुभ घड़ी आ रही है। इसे सब त्योहार की तरह हर्षोल्लास से मनाएं। उन्होंने कहा कि भगवान पर मुहूर्त लागू ही नहीं होता है। हर घड़ी भगवान के लिए शुभ है। समारोह में हिंदू जागरण मंच के क्षेत्र संगठक मुरली मनोहर, कार्यक्रम में शिव शक्तिपीठ जयपुर के नरेश महाराज और बीजेपी के प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीणा भी मौजूद रहे। मुख्य वक्ता नरेश महाराज थे।


पूजन


सम्मान


संबोधन

**अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर राम के रंग में रंगी राजधानी**

# राम के आने की खुशी में झूमी छोटी काशी, दीये जलाए... आरती उतारी

***बेधड़क. जयपुर।*** *अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर रविवार को 'राम के आने' की खुशी में छोटी काशी झूम उठी। भक्तों ने जगह-जगह दीपक जलाए, महा आरती की और आतिशबाजी कर लड्डू बांटे।*





फोटो: राजेश कुमावत

*रविवार शाम रामगंज चौपड़ पर सैकड़ों महिला पुरुष एकत्र हुए। इस दौरान सबने चौपड़ पर दीए जलाए। थालों में दीपक रखकर प्रभु की आरती की।*



*चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमानजी के मंदिर में रविवार शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें रातभर भक्त प्रभु श्रीराम और हनुमान की भक्ति में डूबकर झूमते रहे।*







*राजापार्क में सिख समाज ने राम के आने की खुशी में जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी मनाई।*

**गायन प्रतियोगिता में आरयू प्रथम**

## 'राम ही सुर' में गाए सामूहिक राम भजन



बेधड़क । जयपुर

नगर निगम ग्रेटर की ओर से 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रमों के तहत जवाहर कला केन्द्र में 'राम ही सुर' सामूहिक श्रीराम भजन गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम राजस्थान यूनिवर्सिटी, द्वितीय परिष्कार कॉलेज मानसरोवर एवं तृतीय पुरस्कार महारानी कॉलेज ने जीता। प्रतियोगिता में राजधानी के 18 विश्वविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, विधायक कालीचरण सराफ, विधायक कैलाश वर्मा आदि उपस्थित रहे। ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने कहा कि हम भगवान श्रीराम जी के आदर्शों एवं दिखाए गए रास्ते पर चलेंगे तो निश्चित ही हमारा राजस्थान अग्रणी राजस्थान होगा।

## कलश यात्रा निकाली



बेधड़क । जयपुर

प्रथम पूज्य मोती डूंगरी गणेशजी महाराज मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर जयपुर के राजापार्क स्थित राम मंदिर तक 1100 महिलाएं पीली साड़ी पहनकर नाचते-गाते सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं। मंदिर में महिलाओं ने हनुमान चालीसा पाठ किया।

## कार सेवकों का सम्मान



बेधड़क । जयपुर

श्री राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के महत्वपूर्ण घटक रहे 50 कार सेवकों का रविवार को चैंबर भवन के भैरूं सिंह शेखावत सभागार में सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्रीय प्रमुख निंबाराम रहे। कार सेवकों में मुख्य डॉक्टर विजय दहिया एवं सीमा दहिया को संयुक्त रूप से कार सेवा में जाने पर सम्मानित किया गया।

**भाजपा कार्यालय में प्रदर्शनी**

# युवाओं की कूंची से निकले रामलला, सियाराम और भक्त हनुमान

बेधड़क । जयपुर

अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा सांस्कृतिक एवं पर्यटन प्रकोष्ठ के सहयोग से प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर आर्टिस्ट संत कुमार बिश्नोई, लालचंद कांवलिया, कपिल कुमार एंव एडवोकेट विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में 22 विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के अनेक स्वरूपों को कैनवास पर उकेरा।



### लाइव बनाए सीताराम

प्रदर्शनी में मुख्य आर्टिस्ट संत कुमार बिश्नोई ने प्रभु श्रीराम के बालस्वरूप का चित्रण किया। पांच वर्षीय नन्ही कलाकार वृद्धि अग्रवाल ने प्रदर्शनी स्थल पर ही सीता राम के प्रति अपने मन की भावनाओं को तस्वीर बनाकर व्यक्त किया।

### ये देखने पहुंचे प्रदर्शनी

सांसद रामचरण बोहरा, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण पंचारिया, भाजपा प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीणा, युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची, भाजपा कार्यालय प्रभारी महेश शर्मा, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक मनीष पारीक सहित उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शिनी का अवलोकन किया।

### इन्होंने जीवंत की राम की जीवनी

श्रीराम के बाल्यकाल सहित अनेक स्वरूपों को अक्षिता शर्मा, अंकित सैन, विकास जाबडोलिया, किरण टाटावत, अनुश्री, चितवन शर्मा, पलक सैनी, ऋतिका चौधरी, पूजा गोयल, रिद्धी थोरेचा, मोनिका अग्रवाल, भानूप्रभा, नीलू कुमावत, पूजा, महक बुड़िया, निकिता कुमावत, पाखी पाराशर, रिद्धी जैन, वृद्धी अग्रवाल, प्रीति बागड़ी, लक्षिता तंवर और रविन्द्र कुमार ने मनमोहक आकृतियों को कैनवास पर उकेरा।

## जरूरी खबर

### श्योपुर गांव के सितारामजी मंदिर में मनेगा दीपोत्सव



**जयपुर।** अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर सांगानेर के श्योपुर गांव स्थित सीतारामजी मंदिर में सोमवार को दीपोत्सव मनाया जाएगा। गांव के चार युवाओं ने इसका बीड़ा उठाया है। दिनेश महरवाल, मोहित टेलर, विष्णु शर्मा एवं अनिल महरवाल की पहल पर अब लोग आयोजन से जुड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मौके पर मंदिर में संगीतमय सुन्दरकांड पाठ, 56 भोग झाकी ओर 5100 दीपकों से महाआरती होगी। भगवान राम दरबार मनोहारी झांकी सजाई जाएगी। इस मौके पर पौषबड़े महोत्सव भी मनाया जाएगा।

### विस्फोटक फटने से युवक का हाथ अलग हुआ

**बांसवाड़ा।** शहर के महात्मा गांधी अस्पताल में रविवार एक युवक को इलाज के लिए लाया गया, जिसका हाथ कलाई से कटा हुआ था। परिजनों के अनुसार वह मछली पकड़ने गया था। इस दौरान विस्फोटक उसके हाथ में ही फट गया, जिससे उसके गंभीर चोट लगी। जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ जिले के कुमारी निवासी 26 वर्षीय युवक राजमल माही नदी में मछली पकड़ने के लिए गया था। मछली पकड़ने के लिए फेंका जाने वाला विस्फोटक राजमल के हाथ में फट गया। इससे उसका हाथ कलाई से कट कर अलग हो गया।

### दीपावली की तरह सजावट, रोशनी से नहाया शहर



**अजमेर।** अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर सोमवार को होने वाले कार्यक्रम से पहले ही शहर राममय हो गया है। दीपावली की तरह शहर के मुख्य मार्गों व भवनों पर रंग-बिरंगी लाइटों से सजावट की गई है। नगर निगम की ओर से सजावट के साथ ही आनासागर के रामप्रसाद घाट पर रात को आतिशबाजी भी की गई। रविवार को शहर में कई जगहों पर शोभायात्रा व रामजी की सवारी निकली। वहीं मंदिरों में विभिन्न कार्यक्रम हुए। यह सिलसिला सोमवार को भी जारी रहेगा। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा आयोजन का लाइव प्रसारण भी देखने के लिए बड़ी-बड़ी एलईडी लगाई गई है।

---

**रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकाली शोभायात्रा, सिर पर मंगल कलश लेकर 1100 महिलाएं भी हुई शामिल**

# मेंहदीपुर बालाजी से रथ में सवार हो भ्रमण पर निकले श्रीराम

**बेधड़क | दौसा**

अयोध्या में सोमवार को रामलला प्राण प्रतिष्ठा का वो समय आ गया है, जिसका वर्षों से हर देशवासी को इंतजार था। प्रदेश में भी अयोध्या में प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा का उल्लास पूरे परवान पर नजर आ रहा है। इसके तहत जगह-जगह कई कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है।

इसी कड़ी में रविवार को मेहंदीपुर बालाजी में बालाजी मंदिर ट्रस्ट की ओर से निकाली गई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला और पुरुषों ने भाग लिया। इस दौरान सुबह 10 बजे महंत नरेशपुरी महाराज, प्रदेश के वनमंत्री संजय शर्मा, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने महाआरती के बाद शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 1100 महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर शोभायात्रा में भाग लिया। शोभायात्रा आस्थाधाम की श्रीराम आश्रम धर्मशाला से 11 बजे रवाना हुई। जिसमें तीन शाही रथ भी शामिल किए गए। ऐसे में सबसे आगे चल रहे रथ में गुरु विश्वामित्र के साथ भगवान राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की झांकी सजाई गई। दूसरे रथ में पुष्पक विमान में राम सीता की झांकी सजाई।



वहीं तीसरे रथ में बाल कलाकारों ने राम भजनों पर ठुमके लगाए। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल राम भक्त अपने प्रभु की भक्ति में लीन नजर आए। शोभायात्रा श्री राम आश्रम से रवाना होकर मुख्य बाजार से होते हुए 1 किलोमीटर का सफर तय कर बालाजी मंदिर पहुंची। यहां सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ किया गया।

### साल में दो बार मनाएं दीपावली

बालाजी मंदिर के महंत नरेशपूरी महाराज ने कहा कि भगवान राम की पूजा से हनुमानजी महाराज प्रसन्न होते हैं। मेहंदीपुर बालाजी में हनुमान चालीसा और श्रीरामचरित मानस का अखंड पाठ भी प्रारंभ हुआ। साथ ही 51 विद्वान पंडितों द्वारा दो दिवसीय हवन यज्ञ का आयोजन भी शुरू किया गया है। इस दौरान उन्होंने सभी देशवासियों से साल में दो बार दीपोत्सव मनाने का आग्रह किया। शोभायात्रा के बालाजी मंदिर पहुंचने के बाद महंत नरेशपुरी, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने महाआरती की। इसके बाद शोभायात्रा में शामिल हुए स्कूली बच्चों ने बालाजी मंदिर के आगे राम भजनों पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुति के बाद सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया।

### कांग्रेस की बुद्धि हो चुकी है भ्रष्ट

शोभायात्रा में शामिल होने के लिए मेहंदीपुर बालाजी आए वन मंत्री संजय शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भगवान राम के मंदिर को लेकर 550 साल के संघर्ष में हजारों लोगों ने जान दी है। हमें बड़ी खुशी है की सोमवार को अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान राम अपने स्थान पर विराजेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की बुद्धि भ्रष्ट हो चुकी है। कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे को सोमवार को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के महाउत्सव में शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा राम मंदिर निर्माण में बाधा पैदा की है। इसलिए मैं भगवान राम से प्रार्थना करता हूं की श्री राम कांग्रेस को सद्बुद्धि दें।

---

**बर्फीली हवा से छूटी धूजणी, सर्दी से बचाव के जतन में जुटे रहे लोग**

# प्रदेश के 8 शहरों में कोल्ड वेव का अलर्ट, छाया रहेगा कोहरा


**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में सर्दी के तेवर कम होते नजर नहीं आ रहे। इसके चलते सर्दी का सितम लगातार जारी है। शहरों में दिन का तापमान सामान्य से 10 डिग्री, जबकि रात का तापमान सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया है।

मौसम विभाग ने अगले दिन तक प्रदेश में शीतलहर और घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के 21 जिलों में सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा है। शीतलहर के चलते कई जगह तो पारा 2 से 5 डिग्री तक लुढ़क गया है। वहीं, हिल स्टेशन माउंट आबू में 8वें दिन पारा माइनस से प्लस में पहुंच गया है। जयपुर में सुबह की शुरुआत कोहरे के साथ हुई।

सुबह 9 बजे सूर्य उदय होने के साथ निकली हल्की धूप ने सर्दी से थोड़ी राहत दिलाई। ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव तापते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल एक सप्ताह तक जयपुर में सर्दी का असर बना रहेगा। इस दौरान ठंडी हवाओं से दिन और रात के तापमान में कमी देखी जा सकती है। उधर बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू और झुंझुनूं में भी सुबह कोहरा छाया रहा। इसके चलते वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों को लाइट जलाकर वाहन चलाने पड़े। जयपुर, बीकानेर, अजमेर में पिछले दो दिन से कोल्ड-वेव का असर है। कोटा में रविवार को तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ, जो सामान्य से 5 डिग्री नीचे है।

**माउंट आबू में सात दिन बाद प्लस में हुआ पारा, भीषण सर्दी से मिली थोड़ी राहत**



### इन शहरों में लुढ़का पारा

प्रदेश के 6 शहरों में रविवार को 2 से 5 डिग्री तक पारे में गिरावट देखने को मिली। कोटा में पारा 5 डिग्री लुढ़ककर 6.5, जैसलमेर में 6.4, चूरू, बीकानेर, अजमेर व जयपुर में पारा 2 डिग्री लुढ़ककर क्रमश: 4.0, 5.8, 7.5, 7.3 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा श्रीगंगानगर और उदयपुर में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री रहा।

### तीन दिन सताएगी ठंड

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक सर्द हवाओं और कोहरे से 24 जनवरी तक राहत मिलने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक अजमेर, अलवर, बारां, भरतपुर, भीलवाड़ा, धौलपुर, झुंझुनूं, करौली, सवाईमाधोपुर, सीकर, चूरू, बीकानेर, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर में शीतलहर के साथ-साथ घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है।

### कोहरे के कारण कई ट्रेन रद्द

कोहरे के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित कई रेलगाड़ियों को रद्द किया गया है। रेलवे ने गाड़ी संख्या 04469 रेवाड़ी- दिल्ली स्पेशल रेल सेवा 21 और 28 जनवरी को रद्द किया गया है। इसी तरह गाड़ी संख्या 19701 जयपुर-दिल्ली कैंट रेल सेवा 20, 27 जनवरी, गाड़ी संख्या 19702 दिल्ली केंट-जयपुर रेल सेवा 22, 29 जनवरी, गाड़ी संख्या 14727 श्रीगंगानगर-तिलक ब्रिज रेल सेवा 20 और 27 जनवरी को रद्द रहेगी। वहीं गाड़ी संख्या 14737 भिवानी-तिलक ब्रिज रेल सेवा, गाड़ी संख्या 14738 तिलक ब्रिज-भिवानी रेल सेवा एवं गाड़ी संख्या 14728 तिलक ब्रिज-श्रीगंगानगर रेल सेवा 21 एवं 28 जनवरी को रद्द रहेगी।

---

**ग्रामीणों में दहशत का माहौल**

## टाइगर ने ट्रेंकुलाइज करने पहुंचे वनकर्मी का हाथ चबाया

**बेधड़क | भिवाड़ी**



अलवर सरिस्का रेंज से निकलकर भिवाड़ी के खुशखेड़ा से होते हुए हरियाणा के ततारपुर खालसा में पहुंचा बाग एसटी 2303 अब हरियाणा के ही जठथल गांव में ट्रेस कर लिया गया है। शनिवार रात को टीम ततारपुर खालसा के खेतों में बाघ को ढूंढती रही, लेकिन वहां पर नहीं मिला।

रविवार को सुबह पास में ही स्थित जठथल गांव में बाग के पगमार्क देखे गए तो टीम ने जाकर तलाश की। जठथल गांव में मेघराज यादव के करीब 4 किला सरसों के खेत में बाघ के पगमार्क देखे गए। टीम ने उसे ढूंढना शुरू किया। सरसों के खेत के बीच में कुछ हलचल दिखाई दी तो हरियाणा वन विभाग की टीम ने अपने चार कर्मचारी खेत के अंदर भेजे। कर्मचारी जैसे ही खेत के बीच में पहुंचे बाघ ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में हरियाणा वन विभाग की टीम का एक कर्मचारी घायल हो गया। वही एक कर्मचारी बाघ के हमले से बेसुध हो गया। बाघ ने वन विभाग के कर्मचारियों का एक हाथ चबा डाला। शोर मचाने पर अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे। इतनी देर में ही बाघ वहां से भाग कर दूसरे खेत में चला गया। घायल कर्मचारी को रेवाड़ी अस्पताल के लिए रवाना किया गया। बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम ने जेसीबी मंगाई और खेत में चला दी, लेकिन बाघ हाथ नहीं आया। किसान को उसकी फसल के बदले 50 हजार रुपए प्रति कीला के हिसाब से मुआवजा भी दिया जाएगा। गौरतलब है कि टाइगर ने 18 जनवरी को खुश्खेड़ा निवासी 70 साल के किसान रघुवीर पर हमला कर उसे घायल कर दिया था। इसके बाद आस-पास के गांवों में दहशत फैल गई। खैरथल से लेकर खुश्खेड़ा तक के किसानों ने खेतों में जाना बंद कर दिया।

वहीं प्रशासन ने भी अलर्ट जारी कर दिया कि टाइगर खेतों में घूम रहा है। सरिस्का के सीसीएफ आरएन मीणा ने बताया कि यह पहला टाइगर है तो सरिस्का से करीब 100 किलोमीटर दूर पहुंच गया है। इसकी टैरेटरी सरिस्का कोर एरिया में नहीं थी। यहां बाला किलो बफर जोन के आस-पास के एरिया में था।

---

**30 बंगाली कारीगरों ने सजाया श्रीराम दरबार**

## खाटूश्याम जी में दीपोत्सव आज सीएम भजनलाल भी होंगे शामिल

**बेधड़क | सीकर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को सीकर जिले के दौरे पर रहेंगे। वे शाम को 5 बजे सड़क मार्ग से खाटूश्यामजी मंदिर पहुंचेंगे और 5:15 बजे खाटूश्यामजी के दर्शन करेंगे। इसके बाद सीएम शाम 6 बजे दीपोत्सव एवं आतिशबाजी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

सीकर जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर तमाम व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। सीएम शाम को 7 बजे सड़क मार्ग से खाटूश्यामजी से जयपुर के लिए रवाना होंगे और 8:30 बजे जयपुर पहुंचेंगे। श्रीश्याम मंदिर कमेटी के मंत्री श्याम सिंह चौहान ने बताया कि सोमवार को श्याम दरबार में भक्तों को भव्य राम दरबार के दर्शन होंगे। बाबा श्याम मंदिर को अयोध्या की तर्ज पर सजाया गया है। इस काम में 30 बंगाली कारीगर दिन-रात जुटे हुए हैं।



बाबा श्याम के दरबार में उत्सव को भव्य बनाने के लिए रंगोली सजाई गई है तथा दीपोत्सव, महाप्रसादी के साथ ही भजन संध्या का आयोजन भी रखा गया है। इसके साथ ही महोत्सव के दौरान रंगीन आतिशबाजी भी की जाएगी।

---

**गाजे-बाजे के साथ भजनों पर झूमते-नाचते निकले भक्त**

## शोभायात्रा में कोई बना राम... कोई हनुमान

**बेधड़क | दौसा**

अयोध्या में होने वाले राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में रविवार को हजारों कलश के साथ विशाल शोभा यात्रा और रामध्वज यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के जयकारों के साथ शहर को राम मय बना दिया।

शोभायात्रा सोमनाथ मंदिर से रवाना होकर जयपुर-आगरा हाईवे होते हुए लालसोट रोड से निकलकर बारादरी के राम मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में सैंकड़ों बच्चे राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमानजी बनकर पहुंचे। हजारों की संख्या में महिला-पुरुषों शामिल हुए। महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण हुए थे वहीं पुरुष श्रीराम पताका हाथ में लेकर जयकारे लगाते चल रहे थे। इस दौरान डीजे की धुन पर श्रद्धालु नाचते हुए भगवान राम के प्राण-प्रतिष्ठा की खुशी मनाते हुए चल रहे थे। यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा के बारादरी मंदिर पर पहुंचने पर सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ हुए। इस दौरान संतों ने आशीर्वचन भी दिए। शोभायात्रा में आदर्श विद्या मंदिर के 496 बालक श्रीराम, हनुमानजी, जानकी, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के वेश में सज-धजकर आकर्षण का केंद्र बने रहे।



इस मौके पर राम भक्त रविंद्र ने कहा कि सैकड़ों साल बाद हमें राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव करने का मौका मिला है। इसी कड़ी में रविवार को दौसा में शोभायात्रा निकाली गई।

---

**तस्कर गिरोह का सरगना गिरफ्तार**

# भारी मात्रा में गांजा, अफीम और डोडा-पोस्त बरामद... कीमत 1.21 करोड़

**बेधड़क | गंगापुर सिटी**

पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस की टीम ने मादक पदार्थ तस्करी गिरोह के सरगना आरोही रतन सिंह धाकड़ को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी के कब्जे से डेढ़ करोड़ रुपए कीमत के अवैध मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही 1.52 लाख रुपए की नकदी भी बरामद की गई है।

आरोपी अवैध मादक पदार्थ ओडिशा से मंगवा कर राजस्थान में सप्लाई करता था। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की टीम ने को बड़ी कार्रवाई करते हुए गंगापुर सिटी जिले के थाना टोडाभीम गांव भैसीना निवासी मादक पदार्थ गिरोह के सरगना रतन सिंह धाकड़ को गिरफ्तार करवाने में सफलता हासिल की है. आरोपी के घर से 1 क्विंटल 21 किलो 600 ग्राम गांजा, 588 ग्राम अफीम, 900 ग्राम डोडा पोस्त और 1,52,260 रुपए नगद बरामद किए। थाना पुलिस ने जब्त किए गए मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1 करोड़ 21 लाख रुपए आंकी है।

**मादक पदार्थ ओडिशा से मंगवाकर करता था सप्लाई**



### सूचना की पुष्टि के बाद कार्रवाई

सूचना की पुष्टि के बाद एसएचओ टोडाभीम को मामले की जानकारी दी गई। डीएसटी गंगापुर सिटी और थाना पुलिस की ओर से आरोपी रतन सिंह के मकान पर दबिश दी गई। मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर 1 क्विंटल 21 किलो 600 ग्राम गांजा, 588 ग्राम अफीम, 900 ग्राम डोडा पोस्त और 1,52,260 रुपए नकद जब्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध थाना टोडाभीम में एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

### लंबे समय से थी पुलिस की नजर

एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि आरोपी रतन सिंह भारी मात्रा में ओडिशा से मादक पदार्थों की खेप मंगवाकर अलवर, बांदीकुई और गंगापुरसिटी के स्थानीय तस्करों को सप्लाई किया करता था। पुलिस मुख्यालय की टीम की ओर से लम्बे समय से इस पर निगरानी रखी गई थी। पकड़ा गया मादक पदार्थ इसने हाल ही में मंगवाया था। दबिश से पहले इसने कुछ माल बेच दिया, जिसकी एवज में प्राप्त रकम नकद बरामद की गई।

### अधिकारियों के नेतृत्व में टीम गठित

एडीजी क्राइम और एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन के मुताबिक गैंगस्टर, हार्डकोर बदमाशों, मादक पदार्थ के तस्कर, वांछित इनामी बदमाशों के बारे में आसूचना संकलन के लिए विभिन्न टीमों को राज्य के अलग-अलग शहरों में भेजा गया। इस दौरान एक टीम को सूचना मिली कि भैसीना निवासी रतन सिंह धाकड़ ने अपने मकान में भारी मात्रा में मादक पदार्थ को स्टोर किया हुआ है। आईजी प्रफुल्ल कुमार और एसपी करण शर्मा के नेतृत्व में एडिशनल एसपी विद्या प्रकाश और सब इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में एएसआई शैलेंद्र शर्मा, दुष्यंत सिंह, हेड कांस्टेबल शाहिद अली, कांस्टेबल रविंद्र सिंह, बृजेश कुमार और महेंद्र सिंह की टीम ने आसूचना को डवलप करके पुष्टि की।

तेजी से ग्रो कर रही यह इंडस्ट्री, युवाओं के लिए रोजगार की अपार संभावनाएं

# गेमिंग में चमकाएं अपना भविष्य, लाखों में कर सकते हैं कमाई

**बेधड़क** | जयपुर

हो सकता है कि आप भी उन लोगों में शामिल हों जो प्रतिदिन घंटो अपना समय मोबाइल या कंप्यूटर पर गेम खेलते हुए बिताते हो। आज के समय में लोगों के बीच गेम खेलने का शौक आम बात हो गई है, बच्चों से लेकर बड़े तक हर कोई ऑनलाईन गेम खेलना पसंद करता है। जिसके कारण ही यह सेक्टर अब अरबों डॉलर का हो गया है। अब इस सेक्टर को सिर्फ एंटरटेनमेंट तक ही सीमित नहीं हैं, अगर आप चाहें तो गेमिंग के फील्ड में आपना बेहतरीन करियर भी बना सकते हैं। आज गेमिंग उन प्रमुख उद्योगों में से एक है जो रोजगार के नए-नए अवसर पैदा कर रहा है। इस समय देश में गेमिंग इंडस्ट्री में 50,000 से ज्यादा फुल टाइम इंप्लाई काम कर रहे हैं, जिनमें 30 प्रतिशत प्रोगामर और डेवलपर हैं। गेमिंग इंडस्ट्री में 2 से 5 साल के अनुभव के बाद प्रोफेशनल की सालाना आय 10 लाख से 12 लाख तक होती है। एक्स्ट्राऑर्डिनरी लोग इस इंडस्ट्री में सालाना करोड़ों रुपए भी कमा रहे हैं।

## दो से पांच साल के अनुभव के बाद सालाना आय हो सकती है 10 से 12 लाख रुपए तक

### सरकार भी कर रही सपोर्ट

भारत सरकार भी भारतीय गेमिंग बाजार का स्ट्रांग सपोर्ट करती है। इसके लिए केंद्र सरकार ने "एवीजीसी' नामक एक नई टास्क फोर्स की स्थापना की घोषणा की गई है। यह नई टास्क फोर्स एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक क्षेत्र में ग्लोबल मांग को पूरा करने के लिए बनाई गई है।



### कोर्स व स्किल्स

अगर आप इस सेक्टर में जाना चाहते हैं तो आप 10वीं या 12वीं के बाद किसी भी मल्टीमीडिया या एनीमेशन कोर्स कराने वाले इंस्टिट्यूट्स से गेम डेवलपर या गेमिंग डिजाइनिंग का कोर्स कर सकते हैं। इसमें सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री तीनों कोर्स उपलब्ध हैं। वहीं स्किल्स की बात करें तो एक गेमिंग डेवलपर अपनी सभी कल्पनाओं को क्रिएटिव सोच के हिसाब से बदलकर गेम्स बनाता है। इसलिए इस फील्ड के लिए आपमें क्रिएटिविटी का होना बहुत जरूरी है, इसके साथ आपको गेमिंग सॉफ्टवेयर और गेमिंग थ्योरी की समझ होना भी जरूरी है। इसके अलावा गेमिंग के लिए स्केचिंग, इमेजिनेशन और लाइटिंग इफेक्ट्स की जानकारी भी जरूरी होती है। इस कोर्स के बाद आप किसी भी कंपनी में जॉब के अलावा खुद की कंपनी शुरू कर सकते हैं।

### इन प्रोफाइल पर बना सकते हैं कॅरियर

#### गेम डिजाइनर

वहीं अगर आप गेम की दुनिया का बादशाह बनना चाहते हैं, तो गेम डिज़ाइनर बन सकते हैं। इसके लिए आपको लेटेस्ट टेक्नोलॉजी में महरत हासिल करनी होगी। साथ ही दुनिया में कब क्या नया हो रहा है, ये आपको पता होना चाहिए, इसमें समय की चिंता किए बग़ैर आपको काम करते रहना होगा। गेम डिज़ाइनिंग के साथ गेम को फनी बनाना, गेम राइटिंग और डायग्राम तैयार करना होता है। एक तरह से इनके ऊपर बहुत सारी ज़िम्मेदारियां होती हैं।

#### एनिमेटर

अगर आप कल्पनाशील हैं और इसे अपना करियर बनाना चाहते हैं तो आप एनिमेशन की दुनिया में आ सकते हैं। इसके लिए आपको 2डी कॉन्सेप्ट आर्ट के माध्यम से 3डी मॉडल्स और 2डी टेक्स्चर मैप तैयार करना आना चाहिए। एक एनिमेटर आमतौर पर प्रोग्रामर और सीनियर आर्टिस्ट के साथ गेम के कैरेक्टर के हर पहलू पर काम करते हैं।

#### ऑडियो प्रोग्रामर

अपनी दमदार आवाज़ से अपनी अलग पहचान बनाने वालों के लिए भी ये क्षेत्र बेहतरीन है। अलग-अलग गेम कैरेक्टर की तरह आवाज़ें जनरेट करने की कला इस फील्ड में आपको आगे ले जाएगी। वैसे यह फील्ड कंप्यूटर इंजीनियर के लिए बेहतरीन माना जाता है। ऑडियो प्रोग्रामर को गेम में स्पेशल इफेक्ट के इस्तेमाल के लिए साउंड के बारे में अच्छी नॉलेज रखना ज़रूरी है। इस तरह के प्रोग्रामर गेम के लिए ऑडियो तैयार करने के अलावा साउंड इंजीनियरिंग का भी काम करते हैं।



#### ग्राफिक प्रोग्रामर

किसी भी गेम को डेवलप करने में गेम डिजाइनर के साथ ग्राफिक प्रोग्रामर टेक्निकल सपोर्ट देता है, लेकिन इसके लिए ग्राफिक प्रोग्रामर को एल एल प्लस प्लस, डायरेक्ट एक्स, ओपन जीएल, विंडो प्रोग्रामिंग, 3डी पैकेज आदि के बारे में मालूम होना चाहिए। गेम का ग्राफिक डिज़ाइन करते हैं।

#### गेम राइटर

गेमिंग के क्षेत्र में गेम राइटर का महत्वपूर्ण रोल है। किसी भी गेम को डिजाइन करने से पहले उसकी स्क्रिप्ट लिखी जाती है, जो हजारों पेज की हो सकती है। गेम राइटर को गतिशील चित्रों के अनुसार लिखना पड़ता है जो उनके व्यक्तित्व के सार को उभार सकें। गेम राइटर का कार्य गेम के साथ आने वाले सभी दस्तावेज़ों के लिए भी ज़िम्मेदार होता है, जैसे निर्देश, मैनुअल और इन-गेम मेनू आदि।

#### गेम प्रोड्यूसर

अगर आप गेम प्रोड्यूसर बनना चाहते हैं तो इसके लिए आपको डिज़ाइनिंग की जानकारी के अलावा 3डी मॉड्यूलिंग और 2डी सॉफ्टवेयर का नॉलेज होना भी जरूरी है। वहीं ऑडियो इंजीनियर के लिए एल प्लस व साउंड इंजीनियरिंग के अलावा अन्य भाषा की जानकारी भी जरूरी है। प्रोड्यूसर का काम पूरे प्रोडक्शन के काम पर नजर रखना होता है।



## Yuva स्टोरीज



**अचीवर्स एकेडमी में भगवान श्रीराम की सजाई झांकी**

**जयपुर।** अचीवर्स एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रोड नंबर 5 के विद्यार्थियों और स्टाफ के द्वारा अयोध्या धाम में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा पर सभी क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए एक झांकी का आयोजन किया। स्कूल की ओर से भगवान श्री राम, सीता माता, लक्ष्मण जी और हनुमान जी की इस झांकियां सजाई गईं जिसमें कॉलोनीवासी और सभी क्षेत्रवासी सम्मिलित हुए। झांकी रोड नंबर 6 स्थित भीमाशंकर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर रोड नंबर 5 व 6 की कॉलोनी में होते हुए रोड नंबर 8, 9 ,12 व रोड नंबर 14 की विभिन्न कॉलोनी होकर गुजरी। इस मौके पर सभी लोगों ने एक दूसरे को रामलला के अयोध्या धाम में पधारने की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सभी लोग रामलला के भजनों पर झूमते हुए दिखाई दिए।



**महिला टेबल टेनिस में आशा शर्मा बनी विजेता**

**जयपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जुबली समारोह के उपलक्ष में आज संभागीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता में टेबल टेनिस,चेस, कैरम एवं महिला क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें टेबल टेनिस में महिला एकल व मिक्स डबल्स में आशा शर्मा प्रथम स्थान पर रहीं। महिला क्रिकेट विजेताओं को जिला न्यायाधीश नंदनी व्यास महानगर प्रथम एवं टेबल टेनिस, चेस व कैरम विजेताओं को जिला न्यायाधीश महानगर द्वितीय बलजीत सिंह की ओर से पुरस्कार दिया गया। आशा शर्मा टेबल टेनिस के साथ-साथ स्विमिंग में भी चैंपियन रहीं है, साथ ही वे स्टूडेंट यूनियन की नेता व राजस्थान हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की पूर्व कोषाध्यक्ष व जिला बार एसोसिएशन की पूर्व संयुक्त सचिव भी रही हैं।

महिला उद्यमियों ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

## जयपुर की रोबोटिक इंजीनियर डॉ. नीलिमा मिश्रा ने बताए अपने इनोवेशन

**बेधड़क** | जयपुर



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गत दिनों राष्ट्रपति भवन में देश की 25 अग्रणी महिलाओं के समूह से बातचीत की। ये वे महिलाएं थीं, जो प्रमुख स्टार्ट-अप और यूनिकॉर्न की संस्थापक या सह-संस्थापक हैं।

राष्ट्रपति की जनता से मुलाकात पहल के तहत हुई इस बैठक में जयपुर की रोबोटिक इंजीनियर डॉ. नीलिमा मिश्रा भी शामिल थीं। राष्ट्रपति से इंटरेक्शन के दौरान डॉ. नीलिमा ने अपने स्टार्टअप के बारे में बताया कि वे क्लब फर्स्ट के जरिए जयपुर में मेक इन इंडिया रोबोट बना रहे हैं।

इनमें फायर फाइटिंग, ह्यूमनॉइड, फूड सर्विंग रोबोट और सीवेज क्लीनिंग रोबोट प्रमुख हैं। इनमें जान पर खेलकर सेवा करने वाले फ्रंटलाइनर्स की जान बचाने में फायर फाइटिंग और सीवेज क्लीनिंग रोबोट अहम भूमिका निभा रहे हैं। कुछ रोबोट डिफेंस सर्विस के लिए भी तैयार कर रहे हैं। महिला उद्यमियों से बातचीत के दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि इन महिला उद्यमियों ने भारतीय कारोबारी माहौल को बदल दिया है। उद्यमियों के रूप में इनकी यात्रा व उपलब्धियां विशेषकर महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। तकनीकी स्टार्टअप से लेकर सामाजिक उद्यमों तक, इनका कार्य उद्यमिता के क्षेत्र में भारतीय महिलाओं की विविध क्षमताओं के आयामों के बारे में गहरी जानकारी देता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आप केवल अग्रणी व्यवसायी नहीं हैं। बल्कि बदलाव की अग्रदूत हैं।

वे उन लाखों युवा महिलाओं के लिए आदर्श बनी हैं जो अपनी प्रगति और विकास का सपना देखने का साहस रखती हैं।

## मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



**बेधड़क** | जयपुर

आईएसआईएम व आईएसटीडी जयपुर चैप्टर के साझा प्रयास से सेमिनार ऑन सिगनिफिकेंस ऑफ मेंटल हेल्थ फॉर यूथ विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया। आईएसआईएम कैम्पस में आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना था। सेमिनार की मुख्य वक्ता मुख्य मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सक और माइंडफुलनेस कोच डॉ. शुचि ओम ने इस विषय से जुड़े सभी पहलुओं पर विद्यार्थियों से चर्चा की व उन्हें जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि कैसे स्वस्थ मानसिक स्थिति उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है। उन्हें बेहतर बना सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने इस सेमिनार का सकारात्मक संदेश समझकर इससे लाभ उठाया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यह समझाया कि मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना उनके जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है।

**प्रदर्शनी** | जोबनेर विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय मेले का आयोजन

## किसान मेले में कृषकों ने सीखी कृषि की नई तकनीक

### उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने किया उदघाटन

**बेधड़क** | जयपुर

जोबनेर के श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय में रविवार से तीन दिवसीय किसान मेले की शुरुआत हुई। मेले में हजारों कृषकों को कृषि की नई तकनीक से रूबरू कराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला व पुरुषों ने शिरकत की और कृषि में पैदावार बढ़ाने और फसलों को कीट और आपदा से बचाने के गुर सिखे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने किसान मेले का उद्घाटन किया। मेले में रविवार को करीब 5000 से ज्यादा किसानों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मेले में 100 के लगभग कृषि प्रदर्शनियां लगाई गई हैं, जिनके माध्यम से किसानों को अनुसंधान, मशीनीकरण, विभिन्न रसायनों में कीटनाशकों, उन्नत बीजों इत्यादि के बारे में जानकारी दी जा रही हैं। इस मौके पर बैरवा ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश होने के कारण हम किसान के बिना अपने अस्तित्व की कल्पना भी नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के आर्थिक विकास में कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र प्रमुख भूमिका निभाता है। इस क्षेत्र को वर्तमान



में कई चुनौतियों जैसे की सीमित संसाधन जलवायु परिवर्तन ,घटती जोतें, बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण आदि का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न फसलों की 175 से भी अधिक नवीन किस्में एवं पाँच सौ से भी अधिक कृषि तकनीके विकसित की गईं है जिसका लाभ हमारे प्रदेश के किसान ही नहीं अपितु पड़ोसी राज्यों के किसान भी उठा रहे हैं।

### विश्वविद्यालय का 15 जिलों में कार्यक्षेत्र

श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बलराज सिंह ने कहा की जोबनेर कृषि विश्वविद्यालय प्रसार, अनुसंधान व शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत 14 संगठित महाविधालय व 8 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। कृषि क्षेत्र में इस विश्वविद्यालय का 15 जिलों में कार्यक्षेत्र हैं। जोबनेर महाविद्यालय में आईसीएआर के एआईसीआरपी परियोजना के तहत तिलहनी फसलों, बिजीय मसालों व शुष्क क्षेत्र में होने वाले फलों पर अनुसंधान चल रहा है। वहीं विश्वविद्यालय के रारी दुर्गापुरा के अंतर्गत गेहूं , जौं, मुंगफली, बाजरा, चना, मूंग, उड़द,मटर, शुष्क क्षेत्रीय दलहनी फसलें ,सब्जियां , मसालों पर अनुसंधान कार्य चल रहा है।

### डायरी का विमोचन

कार्यक्रम के दौरान प्रसार शिक्षा निदेशालय की डायरी का विमोचन किया गया। इसी दौरान उपमुख्यमंत्री द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में पौधा रोपण भी किया। कृषि महाविद्यालय की रेडी स्टॉल का भी उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने अवलोकन किया तथा सराहना करते हुए कहा की रेडी विद्यार्थियों का संकलन सराहनीय हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ.सुदेश कुमार ने कृषि अनुसंधान एवं प्रसार का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

# अयोध्या में दशावतारों संग अवतरित हुए श्रीराम



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार

अयोध्या में भगवान राम बाल रूप ने दशावतारों के साथ प्रगट हो गए हैं। यदि इसे सृष्टि एवं जैविक विकास के क्रम में देखें तो दशावतार की अवधारणा अत्यंत प्रामाणिक है। इस परिप्रेक्ष्य में चार्ल्स डार्विन का 1859 में आया आरिजन आफ स्पीशीज अर्थात 'जीवोत्पत्ति का सिद्धांत' कहीं नहीं ठहरता। यह अवधारणा भारतीय ऋषियों ने भगवान विष्णु के दशावतारों के रूप में दी है। इसका वर्णन प्राचीन संस्कृत के प्रमुख ग्रंथों में समाविष्ट है। जैव विकास एवं आनुवंशिकता के इस विज्ञान को दक्षिण भारत और खजुराहो के प्राचीन मंदिरों की दीवारों पर भी उकेरा गया है। विदिशा की उदयगिरी की गुफाओं में भी दशावतार उत्कीर्ण हैं।

विज्ञान सम्मत दशावतार की परंपरा में पहला मत्स्यातवार हुआ, यानी जल में जीवन की उत्पत्ति हुई। विज्ञान भी इस तथ्य से सहमत है कि जीव-जगत में पहला जीवन रूप पानी में विकसित हुआ। दूसरा अवतार कच्छप हुआ, जो जल और भूमि दोनों स्थलों पर रहने में समर्थ था। तीसरा वराह हुआ, जो पानी के भीतर से जीव के धरती की ओर बढ़ने का संकेत है, अर्थात पृथ्वी को जल से मुक्त करने का प्रतीक है। चौथा नरसिंह अवतार है, जो इस तथ्य का प्रतीक है कि जानवर से मनुष्य विकसित हो रहा है। आधा मनुष्य आधा सिंह शरीर संक्रमण का प्रतिबिंब है। इसके बाद पांचवां अवतार वामन हुआ, जो मानव का लघु रूप है। सृष्टि के आरंभ में मनुष्य बौने रूप में ही अस्तित्व में आया था। 45 लाख साल पुराने स्त्री और पुरुष के जो जीवाश्म मिले हैं, उनकी ऊंचाई दो से ढाई फीट की है। वामन के बाद परशुराम हैं, जो मनुष्य का संपूर्ण विकसित रूप हैं। यह अवतार मानव जीवन को व्यवस्थित रूप में बसाने के लिए वनों को काटकर घर-निर्माण की तकनीक को अभिव्यक्त करता है। परशुराम के हाथ में फरसा इसी परिवर्तन का प्रतीक है। सातवें अवतार में राम का धनुष बाण लिए प्रकटीकरण इस बात का संकेत है कि मनुष्य मानव बस्तियों की दूर रहकर सुरक्षा करने में सक्षम व दक्ष हो चुका था। आठवें अवतार बलराम हैं, जो कंधे पर हल लिए हुए है। यह स्थिति मानव सभ्यता के बीच कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के विकास को इंगित करता है। हालांकि राम की जिस मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा राम मंदिर में की गई हैं, उसमें बलराम के स्थान पर भगवान बुद्ध प्रकट हैं, जो लालच मुक्त दार्शनिक ईश्वर हैं। इनके बाद भगवान श्रीकृष्ण हैं, जो मानव सभ्यता के ऐसे प्रतिनिधि हैं, जो नूतन सोच के साथ कर्म का दर्शन देते हैं। दसवां, भगवान कल्कि ऐसे अवतार हैं, जो भविष्य में होने हैं। इसे हम कलियुग अर्थात कलपुर्जों के युग से जोड़कर देख सकते हैं।

> *"डार्विन के विकास मत का विरोध आरंभ से ही हो रहा है। अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने तो यह मत व्यक्त किया है कि जीव या मनुष्य पृथ्वी पर किसी दूसरे लोक या दूसरे ग्रह से आकर बसे। जैसे कि आजकल एलियन को सृष्टि का जनक बताया जा रहा है। 1982 में प्रसिद्ध अंतरिक्ष वैज्ञानिक फ्रायड हायल ने यह सिद्धांत प्रतिपादित करके दुनिया को आश्चर्य और संशय में डाल दिया कि किन्हीं अंतरिक्षवासियों ने सुदूर प्राचीन काल में पृथ्वी को जीवन पर स्थापित किया।"*

ब्रिटेन के जेबीएस हल्डेन नामक शरीर, अनुवांशिकी और विकासवादी जीव विज्ञानी हुए हैं। गणित और सांख्यिकी के भी ये विद्वान थे। हल्डेन नास्तिक थे, किंतु मानवतावादी थे। इन्होंने प्रकृति विज्ञान पर भी काम किया है। हल्डेन को राजनीतिक असहमतियों के चलते ब्रिटेन छोड़कर भारत आना पड़ा था। भारत में वे पहले सांख्यिकीय आयोग के सदस्य बने और प्राध्यापक भी रहे। हल्डेन ने जब भारत के मंदिरों में जैव व मानव विकास से जुड़ी मूर्तियों का अध्ययन किया, तब उन्होंने पहली बार व्यवस्थित क्रम में अवतारों की बीती सदी के चौथे दशक में व्याख्या की। उन्होंने पहले चार अवतार मत्स्य, कूर्म, वराह और नरसिंह को सतयुग से, इसके बाद के तीन वामन, परशुराम और राम को त्रेता से तथा आगामी दो बलराम और कृष्ण को द्वापर युग से जोड़कर कालक्रम निर्धारित किया। हल्डेन ने इस क्रम में जैविक विकास के तथ्य पाए और अपनी पुस्तक 'द कॉजेज ऑफ ओव्यूलेशन' में इन्हें रेखांकित किया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि विज्ञान जीव की उत्पत्ति समुद्र में मानता है। इस नाते इस तथ्य की अभिव्यक्ति मत्स्यावतार में है। कूर्म यानी कछुआ जल व जमीन दोनों पर रहने में समर्थ है, इसलिए यह उभयचर कूर्मावतार के रूप में सटीक मिथक हैं। अंडे देने वाले सरीसृपों से ही स्तनधारी प्राणियों की उत्पत्ति मानी जाती है। इस नाते इस कड़ी में वराह अवतार की सार्थकता है। नरसिंह ऐसा विचित्र अवतार है, जो आधा वन्य प्राणी और आधा मनुष्य है। इस विलक्षण अवतार की परिकल्पना से यह स्पष्ट होता है कि मनुष्य का विकास पशुओं से हुआ है। यह लगभग वही अवधारणा है, जो चार्ल्स डार्विन ने प्रतिपादित की है। हल्डेन ने मानवीय अवतारों में वामन को सृष्टि विकास के रूप में लघु मानव (हॉबिट) माना है। परशुधारी परशुराम को वे पूर्ण पुरुष (होमोसेपियंस) मानते हैं। राम सामंती मूल्यों को सैद्धांतिकता देने और सामंतों के लिए भी एक आचार संहिता की मर्यादा से जोड़ते हैं। हल्डेन बलराम को महत्व नहीं देते, किंतु कृष्ण को एक बौद्धिक पुरुष की परिणति के रूप में देखते हैं। सृष्टिवाद से जुड़ी इतनी सटीक व्याख्या करने के बाबजूद हल्डेन की इस अवधारणा को भारतीय विकासवादियों व जीव विज्ञानियों ने कोई महत्व नहीं दिया, क्योंकि उनकी आंखों पर पाश्चात्य-वामपंथी वैचारिकता का चश्मा चढ़ा था, दूसरे वे मैकाले की इस धारणा के अंध अनुयायी हो गए थे कि संस्कृत ग्रंथ तो केवल पूजा-पाठ की वस्तु और कपोल-कल्पित हैं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### आइए राम राज्य की स्थापना का व्रत लें

# श्रीराम सभी के लिए थे संवेदनशील



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *"भगवान श्रीराम सभी प्राणियों के लिए संवेदनशील थे। उन्होंने पंपापुर के वन्य जातियों को स्नेह से सिंचित कर अपना मित्र बनाया। भगवान श्रीराम और वानरराज सुग्रीव की मित्रता आदर्श मित्रता का अनुपम उदाहरण है। पवनपुत्र हनुमान भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हैं। उन्होंने कहा है कि मेरे कुलीन न होते हुए भी भगवान श्रीराम ने मुझ जैसे सभी गुणों से हीन जीव को अपनाया।"*

आज अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की पुण्यबेला में देश राममय है। अयोध्या में त्रेता युग उतर आया है। चतुर्दिक रामनाम की गूंज से प्रकृति का कण-कण ध्वनित और रोमांचित है। शताब्दियों की अधूरी आस पूरी हो रही है। सनातन संस्कृति के महा प्रतिमान और लोक जीवन के आराध्य भगवान श्रीराम भारत राष्ट्र की आत्मा हैं। आज भारत राष्ट्र की आत्मा की ही प्राण-प्रतिष्ठा है। इस पुनीत पुण्यबेला में लोकमंगलकारी राजीव नयन भगवान श्रीराम को शत-शत प्रणाम। कई सहस्राब्दियों पहले अयोध्या में प्रभु श्रीराम का प्राकट्य हुआ था। तब निर्मल आकाश देवताओं के समूहों से भर गया था। गन्धर्वों का दल प्रभु श्रीराम के गुणों का गान कर रहे थे। आकाश में घमाघम नगाड़े बज रहे थे। नाग, मुनि और देवता प्रभु श्रीराम की स्तुति और आराधना में जुटे थे। आज अयोध्या समेत संपूर्ण राष्ट्र में वैसा ही राममय वातारण निर्मित है।

रामनाम शब्द के प्रस्फुटन, कीर्तन, यज्ञ, हवन-पूजन से त्रेता युग चरितार्थ हो रहा है। भगवान श्रीरामलला का भव्य-दिव्य मंदिर छटाओं से अलंकृत है। श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से भारत भूमि की शुभता-धन्यता पूर्ण हो रही है। प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा से एक बार फिर राष्ट्र राम-राज्य की ओर अग्रसर होगा। राष्ट्र के जन दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्त होंगे। सकल जन का कल्याण होगा। दुष्टों और समाज-राष्ट्रद्रोहियों और विरोधियों का पतन होगा। भगवान श्रीराम साक्षात परब्रह्म ईश्वर है। संसार के समस्त पदार्थों के बीज हैं। संसार के सूत्रधार हैं। वैदिक सनातन धर्म की आत्मा और परमात्मा हैं। सद्गुणों के भंडार हैं। उनकी प्राण-प्रतिष्ठा से भारत का भाग्योदय होगा। भारतीय जनमानस भगवान श्रीराम के जीवन पद्धति को अपना उच्चतर आदर्श और पुनीत मार्ग मानता है।

संत तुलसीदास ने भगवान श्रीराम की महिमा का गान करते हुए कहा है कि भगवान श्रीराम भक्तों के मनरुपी वन में बसने वाले काम, क्रोध और कलियुग के पाप रूपी हाथियों को मारने के लिए सिंह के बच्चे के सदृश हैं। वे शिवजी के परम पूज्य और



प्रियतम अतिथि हैं। दरिद्रता रूपी दावानल के बुझाने के लिए कामना पूर्ण करने वाले मेघ हैं। वे संपूर्ण पुण्यों के फल महान भोगों के समान हैं। जगत का छलरहित हित करने में साधु-संतों के समान हैं। सेवकों के मन रुपी मानसरोवर के लिए हंस के समान और पवित्र करने में गंगा जी की तरंग मालाओं के समान हैं। श्रीराम के गुणों के समूह कुमार्ग, कुतर्क, कुचाल और कलियुग के कपट, दंभ और पाखंड के जलाने के लिए वैसे ही हैं जैसे ईंधन के लिए प्रचंड अग्नि होती है। श्रीराम पूर्णिमा के चंद्रमा की किरणों के समान सबको शीतलता और सुख देने वाले हैं। श्रीराम क्षमा, दया और दम लताओं के मंडप हैं। संसार भी भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम मानता है। वे एक आदर्श भाई, आदर्श स्वामी और प्रजा के लिए नीति कुशल व न्यायप्रिय राजा हैं। भगवान श्रीराम का रामराज्य जगत प्रसिद्ध है। हिंदू सनातन संस्कृति में भगवान श्रीराम द्वारा किया गया आदर्श शासन ही रामराज्य के नाम से प्रसिद्ध है। रामचरित मानस में तुलसीदास ने रामराज्य पर भरपूर प्रकाश डाला है। उन्होंने लिखा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम के सिंहासन पर आसीन होते ही सर्वत्र हर्ष व्याप्त हो गया। समस्त भय और शोक दूर हो गए। लोगों को दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ति मिल गई। रामराज्य में कोई भी अल्पमृत्यु और रोगपीड़ा से ग्रस्त नहीं था। सभी जन स्वस्थ, गुणी, बुद्धिमान, साक्षर, ज्ञानी और कृतज्ञ थे। वाल्मीकि रामायण के एक प्रसंग में स्वयं भरत जी भी रामराज्य के विलक्षण प्रभाव की बखान करते हैं।


संसार भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम मानता है। इसलिए कि उन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सत्य और मर्यादा का पालन करना नहीं छोड़ा। पिता का आदेश मान वन गए। भगवान श्रीराम ने मर्यादा के पालन के लिए राज्य, मित्र, माता-पिता और यहां तक कि पत्नी का भी साथ छोड़ा। इसीलिए भगवान श्रीराम को कर्तव्य परायणता के कारण भारतीय सनातन परिवार का आदर्श प्रतिनिधि कहा जाता है। उन्होंने लंकापति रावण का वध कर मानव जाति को संदेश दिया था कि सत्य और धर्म के मार्ग का अनुसरण कर जगत को आसुरी शक्तियों से मुक्त किया जा सकता है। राम रघुकुल में जन्मे थे, जिसकी परंपरा 'रघुकुल रीति सदा चलि आई, प्राण जाई पर बचन न जाई' की थी। इसीलिए पिता का वचन मानकर वे जंगल को गए। उन्होंने अपने पराक्रम से दण्डक वन को राछस विहिन किया और साधु-संतों की सेवा की। उन्होंने गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या का उद्धार किया तथा पराई स्त्री पर कुदृष्टि रखने वाले बालि का संहार कर संसार को स्त्रियों के प्रति संवेदनशील होने की सीख दी। जंगल में रहने वाली शबरी माता को नवधा भक्ति का ज्ञान दिया। उन्होंने नवधा भक्ति के जरिए दुनिया को अपनी महिमा से सुपरिचित कराया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुझे वही प्रिय हैं जो संतों का संग करते हैं। मेरी कथा का रसपान करते हैं। जो इंद्रियों का निग्रह, शील, बहुत कार्यों से वैराग्य और निरंतर संत पुरुषों के धर्म में लगे रहते हैं। जगत को समभाव से मुझमें देखते हैं और संतों को मुझसे भी अधिक प्रिय समझते हैं। उन्होंने शबरी को यह भी समझाया कि मेरे दर्शन का परम अनुपम फल यह है कि जीव अपने सहज स्वरूप को प्राप्त हो जाता है।

भगवान श्रीराम सभी प्राणियों के लिए संवेदनशील थे। उन्होंने पंपापुर के वन्य जातियों को स्नेह से सिंचित कर अपना मित्र बनाया। भगवान श्रीराम और वानरराज सुग्रीव की मित्रता आदर्श मित्रता का अनुपम उदाहरण है। पवनपुत्र हनुमान भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हैं। उन्होंने कहा है कि- कुलीन न होते हुए भी भगवान श्रीराम ने मुझ जैसे सभी गुणों से हीन जीव को अपनाया। अधम प्राणी जटायु को पिता तुल्य स्नेह प्रदान कर जीव से जंतुओं के प्रति मानवीय आचरण को भली भांति निरूपित किया। समुद्र पर सेतु बांधकर वैज्ञानिकता और तकनीकी का अनुपम मिसाल कायम की। उन्होंने समुद्र के अनुनय-विनय पर निकट बसे खलमंडली का संघार किया। पत्नी सीता के हरण के बाद भी अपना धैर्य नहीं खोया। असुराज रावण को सत्य और धर्म के मार्ग पर लाने के लिए हरसंभव प्रयास किया। उसे समझाने के लिए अपने भक्त हनुमान और अंगद को उसके पास लंका भेजा, लेकिन दुष्ट स्वभाव वाले रावण को यह सब रास नहीं आया। स्वयं उसके भाई विभीषण ने माता सीता को प्रभु श्रीराम को सौंपने के लिए अनुनय-विनय किया, लेकिन रावण माता सीता को वापस करने के लिए तैयार नहीं हुआ। उल्टे उसने विभीषण को अपमानित कर लंका से निर्वासित कर दिया। विभीषण भगवान श्रीराम के शरणागत हुए। अंततः प्रभु श्रीराम ने असुरराज रावण का वध कर पृथ्वी को उसके अत्याचारों से मुक्त किया। उन्होंने लंका का राज्य विभीषण को सौंपकर माता जानकी के साथ अयोध्या लौट आए। सही अर्थों में इन लीलाओं के जरिए भगवान श्रीराम ने एक पुत्र, पिता, पति, भाई और एक राजा के तौर पर जगत को संदेश दिया कि एक आदर्श, निष्पक्ष और बंधुतापूर्ण आचरण के जरिए ही एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज का निर्माण संभव है। आइए, हम सभी ऐसे देदीप्यमान भगवान श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की पुण्यबेला में राम-राज्य की स्थापना का व्रत लें।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## वचन के पक्के, पर्यावरण प्रेमी प्रभु श्रीराम



एकता शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

तुलसीदास रचित रामचरितमानस बालकांड से उदित यह पंक्ति भगवान राम के जन्मोत्सव की अद्भुत लीला का वर्णन करते हुए अवधपुरी के दीपोत्सव का अद्भुत वर्णन करती है जो आज वर्तमान में भी दिखाई दे रहा है, किंतु प्रश्न उठता है क्या सचमुच कोई राम बनना भी चाहता है? मनुष्य मृत्यु से कितना घबराता है यह किसी से नहीं छिपा, राम का शाब्दिक विपरीत 'मरा' भी कोई मन से भज ले तो भवसागर से पार हो जाता है।

वास्तव में राम की कथा सफलता के लिए संघर्ष का मूल मंत्र देती है। राम का असाधारण से साधारण बनना ही असाधारण हो जाना है। किसे नहीं पता था राम साधारण पुरुष नहीं, वे तो अवतार के रूप में हैं, लेकिन यही तो महान पुरुष की पहचान होती है।


'प्राण जाए पर वचन न जाए' आज भी जब कोई अपने वचनों पर कायम रहता है, तब इन्हीं शब्दों को दोहराता है। वचन शब्दों का हमारे समाज में क्या महत्व है यह अगर सीखना है तो राम से, राम के चरित्र से सीखें। मनुष्य रूपी तलवार की धार उसका चरित्र है। इसमें जितनी तीक्ष्णता होगी, मनुष्य में उतना ही ओजस्वी होगा। वही वीर्यवान वीर कहलाता है यदि किसी का चरित्र नष्ट हो जाए तो वह मनुष्य मुर्दा से भी बद्तर होता है। मुर्दा तो फिर भी किसी का बुरा नहीं करता, किंतु चरित्रहीन मनुष्य मनुष्य नहीं पशु तुल्य है, जो स्वयं के साथ-साथ अपनों की भी अवनति और अवसान कर देता है।

वास्तव में पुरुष कहलाने का वास्तविक अधिकार उसी का है जो विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य धारण कर, मर्यादा बनाई रखें। ऐसे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम से आज के युवाओं को शिक्षा लेनी चाहिए, यही वास्तविक राम राज्य होगा।

राजमहलों में जन्म लेने वाले, लाड़-प्यार से वैभव का सुख भोगने वाले श्रीराम पर्यावरण, प्रकृति और पशु प्रेमी भी है, जिसका साक्षात उदाहरण दंडकारण्य के जंगल और रामसेतु के निर्माण में दिखाई देता है। साहस और सामर्थ्य के पर्याय राम अपनी संघर्षपूर्ण यात्रा में त्रिलोक विजयरधारी रावण के विरुद्ध भालू, बंदर, जटायु, रीछ जैसे जानवरों को युद्ध में शामिल करते हैं। इतना ही नहीं, गिलहरी जैसे नन्हे प्राणी को भी राम सेतु निर्माण में सम्मान दिया, यह उनका प्रकृति और पर्यावरण के प्रति सम्मान दर्शाता है।

जहां तक राम नाम का प्रश्न है, राम का नाम राम से भी बड़ा है। राम नाम के प्रभाव से नीच अजामिल, गज, वैश्य तक तिर गए। राम नाम से ही रामसेतु का निर्माण हुआ। वे राम, जो इस समय चर्चा का विषय बने हुए हैं, जिन्होंने महल त्याग कर वनवास को स्वीकारा और वर्षों तक पलायन का दर्द झेला, टेंट में रहे, उन्हें आज अपना निवास स्थान पुनः प्राप्त हो रहा है। यह न्याय की ही शक्ति है। स्वयं के कर्तव्यों को सर्वोपरि रखने वाले संकट में संघर्ष का रास्ता चुनने वाले, धैर्य के पर्याय राम मर्यादा पुरुषोत्तम तभी कहलाए।

# राम दो शब्द एक तन दूसरा मन... 'राम मंत्र'



भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समारोह को लेकर पूरा देश राममय होकर भक्ति रस में डूबा है। अविरल यात्रा का पवन धाम बन गया है। अमृत काल में आध्यात्मिक चेतना की जो मशाल जल रही है, उसकी भरपूर रोशनी और प्रकाश पूरे विश्व में प्रकाशमय हो रहा है। देश के चारों दिशाओं में हमारी सनातन संस्कृति को नए रूप में एकाकार होते देख रहे हैं। जनमानस के रोम-रोम में समाए राम के नाम का ताप और भावों की भक्ति को अंतर्मन की गहराई से महसूस की जा रही है। यही वजह है आज देश के कोने-कोने में दिवाली-सा माहौल बन गया है

राम दो शब्द है एक तन दूसरा मन यही राम मंत्र की महिमा है, जो मन को तर करके जीवन के भवसागर को पार करने में हमारी मदद करता है। राम नाम अनंत और असीम है, जिसको न नाप सकते हैं, और ना ही किसी सीमा से बांध सकते हैं। जहां देखो वहां बच्चे बूढ़े और जवान एक ही ताल में राम धुनी गाते हुए नजर आ रहे हैं। हनुमान, जामवंत, अंगद, सुग्रीव, जटायु, केवट, नल-नील, सबरी, अहिल्या, विभीषण, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, गरुड़, काकभुशुंडी, विश्वामित्र, वशिष्ठ, मांडवी, उर्मिला, कैकई, कौशल्या, सुमित्रा, श्रुत कीर्ति, सुनयना आदि रामायण के पात्र हैं, लेकिन इनमें ऐसे कई पात्र हैं जिनको शब्द में बांधा नहीं जा सकता है। हनुमान के बारे में लिखें तो जामवंत छूट जाएंगे। सुग्रीव को लिखे तो अंगद छूट जाएंगे। लक्ष्मण के बारे में कुछ कहें तो भारत के उन तमाम भक्ति के पल छूट जाएंगे। गरुड़ के बारे में लिखें तो काकभुशुंडी रह जाएंगे, यानी रामायण को लेकर जितनी चर्चाएं आज़ हो रही है उतनी चर्चा किसी भी ग्रंथ की नहीं हो रही है। इसलिए रामायण के माध्यम से आदि अनादि काल से वाल्मीकि ने राम को घर-घर पहुंचाया, साथ ही उसे बाबा तुलसीदास ने हर मानव मन के घट-घट तक पहुंचाया है। आज भी हमारे राम नाम की धुन हमारे जहन में गूंज रही है और हर सांस प्रभु श्रीराम का गुणगान कर रही है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह नए दौर का आगाज करने वाला है। यह सनातन संस्कृति के लिए बड़े गर्व का विषय है।

**अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने पीएम मोदी और भाजपा पर साधा निशाना

# हर चुनावी साल में राजनीतिक एजेंडा बदलने का भाजपा पर आरोप

**एजेंसी** | तिरुवनंतपुरम (केरल)

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने प्रधानमंत्री पर हर चुनावी साल में राजनीतिक एजेंडा बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार चीन के अतिक्रम से देश की सीमाओं को बचाने में विफल रही है। तिरुवनंतपुर के सांसद ने ये आरोप सोमवार को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पूर्व संध्या पर लगाए हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर सोमवार को किसी मंदिर में पूजा करने की योजना है, थरूर ने कहा, मैं मंदिर पूजा करने जाता हूं, राजनीति करने नहीं। उन्होंने कहा कि लोगों की आस्था और धार्मिक विश्वास एक निजी मुद्दा है और वह इसमें कोई कमी नहीं देखते।

थरूर ने कहा, प्रधानमंत्री सोमवार को अयोध्या में समारोह का उद्घाटन करेंगे। फिर फरवरी में अबू धाबी में मंदिर का उद्घाटन करेंगे और फिर चुनावों की घोषणा हो जाएगी। थरूर ने कहा कि कांग्रेस की योजना जनता को नौकरियों की कमी, महंगाई जैसी समस्याओं के बारे में बताने की है। पार्टी लोगों से पूछेगी कि क्या आपको उन गतिविधियों से कोई फायदा हुआ, जिसका केंद्र सरकार दावा कर रही है। उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के न्योते को कांग्रेस नेतृत्व द्वारा अस्वीकार किए जाने के सवाल का भी जवाब दिया।

उन्होंने कहा, पार्टी को लगता है कि यह एक राजनीतिक कार्यक्रम है। कांग्रेस ने हमेशा सभी लोगों की धार्मिक आस्थाओं के प्रति सम्मान दिखाया है। हममें से प्रत्येक की अपनी धार्मिक मान्यताएं हैं।



**द्रमुक सांसद ए राजा ने भाजपा व संघ को घेरा**

## देश को द्रविड़-तमिल मॉडल की जरूरत

**चेन्नई।** द्रमुक के सांसद ए राजा ने रविवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्रविड़ मॉडल के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मॉडल की पूरे देश को जरूरत है। राजा ने सलेम में एक जनसभा में भाजपा-आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि आज वे हिंदू राष्ट्र की बात कर रहे हैं। पहले हिंदू धर्म के नाम पर कोई राष्ट्र नहीं था। धर्म कभी राष्ट्रीयता नहीं बन सकता, लेकिन भाषा राष्ट्रीयता बन सकती है। उन्होंने आगे कहा, हम जाति के नाम पर बंटे हुए हैं और आप धर्म के नाम पर हमें एख बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हम कानून के अनुसार धर्म के नाम पर एकजुट होना चाहते हैं। लेकिन हम हिंदू नहीं बनना चाहते, जैसा कि आप कहते हैं। हम हिंदू राष्ट्रवाद नहीं चाहते हैं। हमें द्रविड़ राष्ट्रवाद और तमिल राष्ट्रवाद की जरूरत है। कार्यक्रम में द्रमुक सांसद कनिमोझी ने कहा, हमें उनसे सवाल नहीं करने चाहिए? अगर हम सवाल करते हैं, तो वे हमारे पास आईसीई भेजते हैं। आईसीई का मतलब है- आयकर (इनकम टैक्स), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)। सवाल पूछेंगे तो ये तीनों आपके पास आ जाएंगे। लेकिन, हम डरने वाले नहीं है। हम आपका और आपकी विचारधारा का विरोध करेंगे।

---

## भाजपा नेता ने सीएम ममता पर किया कटाक्ष



**कोलकाता।** भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने पश्चित बंगाल की मुख्यमंत्री को ममता बनर्जी को हिंदू विरोधी करार दिया है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि सोमवार को अयोध्या में हो रहे भव्य कार्यक्रम को लेकर हर कोई खुश है। उन्होंने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि टीएमसी सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश कर रही है। वहीं टीएमसी सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि भाजपा जितना अधिक मंदिर की राजनीति में संलग्न होगी, उतना ही अधिक लोग उनकी कपटपूर्ण योजनाओं के बारे में जागरूक होंगे, जिससे उनके वोट शेयर में गिरावट आएगी।

## मणिपुर को बांटने की कोशिश कर रहे कुछ लोग: CM

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को कहा कि भले ही हमें 1972 में ही राज्य का दर्जा दिया गया था, लेकिन मैं उन तत्वों की वजह से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हूं जो राज्य को विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरा सभी सुरक्षा बलों से अनुरोध है कि वे इस विशेष मुद्दे पर गंभीरता से ध्यान केंद्रित करें और निर्दोष लोगों के जीवन की रक्षा करें। इसके अलावा, राष्ट्र के साथ-साथ राज्य की क्षेत्रीय अखंडता को बरकरार रखें। उल्लेखनीय है कि रविवार को अपना 52वां राज्य दिवस मनाया है। मणिपुर ने सन् 1972 में राज्य का दर्जा प्राप्त किया था। पूर्वोत्तर राज्य में मेइतेई और कुकी के बीच जातीय हिंसा के कारण जारी तनाव के बीच मणिपुर का राज्य दिवस मनाया जा रहा है।

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा:** असम में भीड़ ने लगाए मोदी-मोदी के नारे

# कांग्रेस का BJP कार्यकर्ताओं पर बदसलूकी व तोड़फोड़ का आरोप

### राहुल बस से उतरकर भीड़ के करीब गए, सुरक्षाकर्मियों ने वापस बस में बैठाया

**एजेंसी** | गुवाहाटी/सोनितपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में भारत जोड़ो न्याय यात्रा ने रविवार को असम के सोनितपुर जिले में प्रवेश किया। राहुल गांधी और उनके दल की इस यात्रा के दौरान भाजपा के झंडे लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान भीड़ द्वारा मोदी-मोदी के नारे लगाने के बाद राहुल बस से उतरकर भीड़ के पास भी गए। हालांकि, जैसे ही राहुल बस से उतरे उन्हें सुरक्षाकर्मी और पार्टी कार्यकर्ता वापस बस के अंदर ले गए।

कांग्रेस ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर उनके साथ बदसलूकी करने और तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने दावा किया कि जयराम रमेश की गाड़ी के शीशे तोड़े गए तथा जबरन भाजपा के बैनर लगाए गए।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें कुछ लोग सड़कों पर हाथों में भाजपा का झंडा लिए खड़े नजर आ रहे हैं। जैसे ही राहुल गांधी उन लोगों के पास पहुंचे तभी वहां खड़े लोगों ने जय श्रीराम और मोदी मोदी के नारे लगाने शुरू कर दिए। उन लोगों के हाथ में तिरंगा झंडा और भगवा झंडा भी था। राहुल गांधी खिड़की के पास बैठे हुए थे और बाहर भीड़ मोदी-मोदी के नारे लगा रहे थे। इस दौरान राहुल गांधी उन्हें फ्लाइंग किस देते नजर आए।



### डंडे लेकर आए थे भाजपा के कार्यकर्ता: राहुल गांधी

नागांव पहुंचकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पीएम मोदी और असम के मुख्यमंत्री पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा,यहां से 2-3 किमी पहले 20-25 भाजपा कार्यकर्ता डंडा लेकर हमारी बस के सामने आ गए और जब मैं बस से बाहर आया तो वे भाग गए। उन्हें लगता है कि कांग्रेस, भाजपा और आरएसएस से डर गई है, वे सपना देख रहे हैं। वे जितने चाहें उतने पोस्टर फाड़ें, हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हम किसी से नहीं डरते, हम न तो पीएम मोदी से डरते हैं और न ही यहां के मुख्यमंत्री से डरते हैं।

### मैं और असम की जनता मुख्यमंत्री से डरते नहीं

राहुल गांधी ने रविवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को देश का सबसे भ्रष्ट व्यक्ति करार दिया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री कौन है? क्या नाम है उसका? पूरा देश और असम जानता है कि आपके सीएम और उनका पूरा परिवार सबसे ज्यादा भ्रष्ट है।

### छोटे दुकानदारों को GST ने बर्बाद किया

राहुल ने कहा कि असम के युवाओं और किसानों पर अन्याय हो रहा है। यहां के युवा लाखों रुपए लगाकर स्कूल-कॉलेज जाते हैं, लेकिन फिर पता चलता है कि असम में उन्हें रोजगार नहीं मिल सकता। किसानों को फसल का सही दाम नहीं मिलता, छोटे दुकानदारों को नोटबंदी और जीएसटी से बर्बाद कर दिया गया। क्या किसी को नोटबंदी और जीएसटी से फायदा हुआ?

### राहुल का भाजपा को हराने का वादा

उन्होंने आगे टी गार्डन के मजदूरों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आपके मुद्दे सुनना और उनके लिए लड़ाई लड़ना ही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का लक्ष्य है। आप लोगों ने हमारी मदद की, हमारी बात प्यार से सुनी, इसके लिए मैं आप सभी को दिल से धन्यवाद देता है।

**राम मंदिर** की प्राण प्रतिष्ठा

## कड़वाहट खत्म करके आगे बढ़ने का है ये समय: मोहन भागवत

**एजेंसी** | नई दिल्ली



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन पहले रविवार को कहा कि अकारण विवाद को लेकर जो पक्ष-विपक्ष खड़ा हुआ है, उसे खत्म कर देना चाहिए। यह समुदायों के बीच पैदा हुई कड़वाहट को भी खत्म करने का वक्त है। अयोध्या की पहचान संघर्ष मुक्त जगह के तौर पर होनी चाहिए। भागवत ने एक लेख में कहा कि भारत का पिछले डेढ़ हजार साल का इतिहास संघर्षों से भरा रहा है।

भारत में लूटपाट करने के लिए आक्रमण किया गया। विदेशी आक्रमणकारियों ने भारत में मंदिरों को भी नष्ट कर दिया। ऐसा कई बार किया गया। अयोध्या में राम मंदिर पर हमला इसी उद्देश्य से किया गया। भारत पर भले ही हमले किए गए, मगर यहां के शासकों ने कभी विदेशी धरती पर हमला नहीं किया।

मंदिरों पर हमलों के बाद भी भारत में समाज की आस्था निष्ठा और मनोबल कभी कम नहीं हुआ, उनका प्रतिरोध का जो संघर्ष था वह चलता रहा। इस कारण जन्मस्थान बार-बार पर अपने आधिपत्य में कर, वहां मंदिर बनाने का निरंतर प्रयास किया गया।मंदिर का मुद्दा हिंदुओं के मन में रहा। भागवत ने लिखा, 'धार्मिक दृष्टि से श्री राम बहुसंख्यक समाज के आराध्य देव हैं और श्री रामचन्द्र का जीवन आज भी संपूर्ण समाज द्वारा स्वीकृत आचरण का आदर्श है। इसलिए अब अकारण विवाद को लेकर जो पक्ष-विपक्ष खड़ा हुआ है, उसे खत्म कर देना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, इस बीच में उत्पन्न हुई कड़वाहट भी समाप्त होनी चाहिए। समाज के प्रबुद्ध लोगों को यह अवश्य देखना चाहिए कि विवाद पूर्णतः समाप्त हो जाए। अयोध्या का अर्थ है 'जहां युद्ध न हो', 'संघर्ष से मुक्त स्थान' वह नगर ऐसा है। संपूर्ण देश में इस निमित्त मन में अयोध्या का पुनर्निर्माण आज की आवश्यकता है और हम सभी का कर्तव्य भी है।

**कांग्रेस अध्यक्ष ने** असम के सीएम पर साधा निशाना

# कांग्रेस की न्याय यात्रा से घबरा गए भाजपा के लोग: मल्लिकार्जुन खरगे

**एजेंसी** | नागांव (असम)



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का नाम लिए बगैर उन पर रविवार को तीखा प्रहार किया और उनको कन्वर्टेड सीएम बताया।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की 'न्याय यात्रा' इतनी अच्छी चल रही है कि इसे देखकर भाजपा के लोग घबरा गए हैं। उन्होंने असम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पर हमला किया, लेकिन वो डरने वाले नहीं हैं। वो कांग्रेस के सिपाही हैं। खरगे ने राहुल की न्याय यात्रा के दौरान रविवार को राज्य के नागांव में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। खरगे ने असम के सीएम सरमा पर निशाना साधते हुए कहा कि यहां के सीएम भूल जाते है कि खुद उनके ऊपर अनगिनत घोटालों के आरोप है, कई धाराओं में मामले दर्ज है।

राहुल गांधी ने सही कहा कि असम के सीएम देश के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं। वह अगर आज सच्चे और साफ बन रहे हैं, तो इसके पीछे सिर्फ मोदी और अमित शाह की वॉशिंग मशीन का कमाल है। खरगे ने कहा कि राहुल गांधी ने जब कन्याकुमारी से कश्मीर की यात्रा थी, तब कोई पथराव नहीं हुआ।

उस दौरान लाखों लोग जूलूस में शामिल हुए थे, लेकिन असम में हमला क्यों हुआ। यहां हमला इसलिए हो रहा है क्योंकि यहां पीएम मोदी का चेला है, वह अल्पसंख्यकों को डराते हैं। आज इस देश में भाजपा हर राज्य में दिल्ली से सरकार चलाना चाहती है और एक देश, एक चुनाव, एक विचारधारा को थोपना चाहती है।

### हिंदू कॉलेज का स्थापना दिवस, बिरला हुए शामिल





*नई दिल्ली। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला रविवार को नई दिल्ली में दिल्ली विश्वविद्यालय की हिंदू कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की स्थापना के 125 वर्ष पूरे होने पर आयोजित किया गया था।*

**गुजरात में खोडलधाम ट्रस्ट कैंसर अस्पताल का शिलान्यास**

# प्रधानमंत्री मोदी का देश में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने का आह्वान

**एजेंसी** | नई दिल्ली/ रामेश्वरम

हाल के लक्षद्वीप के दौरे बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के अपने आह्वान को एक बार फिर से दोहराया। उन्होंने कहा कि अगर आप छुट्टियों की योजना बना रहे हैं, तो अपनी मातृभूमि में पर्यटन स्थलों को देखें और अपने प्रियजनों के साथ इन स्थानों पर जाने पर विचार करें। पीएम मोदी ने गुजरात में खोडलधाम ट्रस्ट कैंसर अस्पताल के शिलान्यास समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते यह अपील की। उन्होंने देशवासियों से देश में पर्यटन को बढ़ावा देने सहित नौ गंभीर प्रतिज्ञा लेने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आप जो भी कर सकते हैं वह करें। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से पानी की एक-एक बूंद बचाने पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री रविवार को तमिलनाडु के दौरे पर थे। जहा उन्होंने रविवार को अरिचल मुनाई के पास राम मंदिर में पूजा की और राम सेतु के दर्शन भी किए।



*पीएम मोदी रविवार को तमिलनाडु के अरिचल मुनई धनुषकोडी तट पर रामसेतु के प्रारंभ बिंदु पर पहुंचे और वहां पूजा अर्चना की।*

### स्थानीय रूप से निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान

पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि मैं अपने सभी देशवासियों से भी आग्रह करूंगा कि वे अपने गांवों, इलाकों और शहरों को स्वच्छता में नंबर वन बनाने का प्रयास करें। वोकल फॉर लोकल के बारे बोलते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय रूप से निर्मित उत्पादों को बढ़ावा दें और किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा के आहार में बाजरा जैसे खाद्य पदार्थों और मोटो अनाजों को भी शामिल करें।

### सस्ती दवाओं से बचाए गरीबों के 30 हजार करोड़ रुपए

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार कैंसर के मरीजों के लिए परेशानी मुक्त इलाज सुनिश्चित कर रही है। बीते नौ सालों में देश में करीब 30 नए कैंसर अस्पताल विकसित किए गए हैं। 10 नए कैंसर अस्पतालों में काम चल रही है। गुजरात ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी प्रगति की है। आज गुजरात एक बड़े मेडिकल हब में तब्दील हो गया है।

### आयुष्मान योजना में अब तक देशभर में छह करोड़ लोग लाभान्वित

प्रधानमंत्री ने कहा देश के विकास के लिए लोगों का स्वस्थ रहना जरूरी है। हमने आयुष्मान भारत योजना गरीबों के लिए शुरू की है। इस योजना से अब तक छह करोड़ लोग लाभान्वित हो चुके हैं। सरकार ने 10 हजार जन औषधि केंद्र भी खोले हैं, जहां लोगों को 80 प्रतिशत डिस्काउंट पर दवाइयाँ मिल रही हैं। सस्ती दवाइयों की वजह से ग़रीब के तीस हजार करोड़ रुपये खर्च होने से बचे हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी के आग्रह

- पानी की एक-एक बूंद बचाएं और पानी संरक्षण के लिए लोगों को जागरुक करें।
- गांव स्तर पर भी लोगों को डिजिटल ट्रांजैक्शन के लिए प्रेरित करें।
- गांवों-कस्बों और शहरों को साफ रखें।
- स्थानीय उत्पादों और मेक इन इंडिया उत्पादों को प्रोत्साहित करें।
- देश में घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहित करें।
- किसानों में जैविक खेती को बढ़ावा दें।
- श्री अन्न को अपनी रोजाना की डाइट में शामिल करें।

### मोदी ने देश में ही शादी करने पर दिया जोर

पीएम मोदी ने मेक इन इंडिया की तर्ज पर 'वेड इन इंडिया' पर जोर देते हुए कहा कि क्या विदेश में शादियां आयोजित करना जरूरी है? क्या हम अपने देश में ऐसे समारोह आयोजित नहीं कर सकते? यह हमारा पैसा है। उन्होंने कहा जब हम दूसरे देश में शादियां आयोजित करते हैं तो भारत का पैसा विदेशी खजाने को भरता है।

## जरूरी खबर

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नहीं जाएंगे शिंदे



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि वह सोमवार को अयोध्या में होने वाले होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वह अपने मंत्रिमंडल के साथ-साथ राज्य के विधायकों और सांसदों को बाद में रामजन्मभूमि ले जाने की योजना बना रहे हैं। मुख्यमंत्री शिंदे ने यहां आयोजित टाटा मैराथन से इतर पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, 'अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में मुट्ठीभर लोगों के शामिल होने के बजाय मैं बाद में राज्य मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों, विधायकों व सांसदों को ले जाना चाहता हूं।

### BJP से लड़ें, लेकिन राम व सनातन से नहीं: प्रमोद कृष्णम



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पार्टी द्वारा रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के न्योता को ठुकराने को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा कि राम के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के न्योते को ठुकराने का मतलब भारत की सभ्यता और संस्कृति का अपमान करना है। भारत के गौरव और अस्तित्व को चुनौती देना है। मैं सभी विपक्षी दलों से आग्रह करना चाहता हूं कि भाजपा से लड़ें, लेकिन राम, सनातन और भारत से नहीं।

### हनुमानजी की जन्मस्थली भी जगमगाएगी

**बेंगलुरु।** राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कर्नाटक में उत्साह का माहौल है। 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के अभिषेक को भव्य बनाने के लिए कोप्पल जिले के अंजनाद्रि मंदिर प्रबंधन भी पूरी तरह तैयार है। कहा जाता है कि अंजनाद्रि की पहाड़ी पर भगवान हनुमान का जन्म हुआ था। ये पहाड़ी विजयनगर साम्राज्य की राजधानी से कुछ ही किलोमीटर दूर कोप्पल जिले में स्थित है। मंदिर प्रबंधन के अनुसार, रविवार से दो दिनों तक मंदिर में पारंपरिक दीपक जलाए जाएंगे और विशेष पूजा की जाएगी। हम्पी और उसके आसपास के क्षेत्र को रामायण में वर्णित किष्किंधा क्षेत्र के अनुरूप माना जाता है।

## दिव्य अयोध्या: कंचन कलस बिचत्र संवारे ।। सबहिं धरे सजि निज निज द्वारे ।।






*अयोध्या। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मंदिर को सजाया गया है। पूरी अयोध्या रोशनी में नहा उठी है। मंदिर का दिव्य स्वरूप मन को लुभा रहा है।*

दैहिक दैविक भौतिक तापा।
राम राज नहिं काहुहि ब्यापा।।

### मंगल ध्वनि से होगी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा विधि की शुरुआत

# 10 लाख दीपों से जगमग होगी अयोध्या

### आज सिंहासन पर विराजेंगे रामलला



### अभेद्य सुरक्षा घेरे में अयोध्या, चप्पे चप्पे पर है नजर

एजेंसी | अयोध्या

भक्तिभाव से विभोर अयोध्या धाम 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक आयोजन के लिए सज गई है। श्रीराम मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पूरे परिसर को अभेद्य और अचूक सुरक्षा कवच के बीच कर दिया गया है। मंदिर परिसर में रविवार को प्राण प्रतिष्ठा से संबंधित अनुष्ठान हुए। मंदिर के गर्भगृह में रामलला की मूर्ति स्थापित की जा चुकी है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की विधि 22 जनवरी को दोपहर 12:20 बजे शुरू होगी। दोपहर एक बजे प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरा हो जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरुआत मंगल ध्वनि से होगी। विभिन्न राज्यों 50 से अधिक मनोरम वाद्ययंत्र लगभग 2 घंटे तक इस शुभ घटना के साक्षी बनेंगे।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले राम मंदिर को खूबसूरत लाइटों से सजाया गया। जिनकी रंगबिरंगी रोशनी मन मोह रही है। सरयू घाट पर रविवार शाम को विधि-विधान के साथ संध्या आरती हुई। इस दौरान श्रद्धालु और पर्यटक घाट पर मौजूद रहे।

इस बीच,प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आमंत्रित विशिष्ट अतिथि पहुंचने लग गए हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पहुंच गए हैं। दूसरी ओर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पूरा होने के बाद 22 जनवरी की शाम अयोध्या 10 लाख दीपों से जगमगाएगी। अयोध्या सरयू नदी के तटों की मिट्टी से बने दीपों से रोशन होगी। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पूर्ण होने के उपरांत 'राम ज्योति' प्रज्वलित कर दीपावली मनाई जाएगी।

क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आर. पी. यादव ने बताया कि 22 जनवरी की शाम 100 प्रमुख मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर दीप जलाए जाएंगे और इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है।

अधिकारियों ने बताया कि रामलला, कनक भवन, हनुमानगढ़ी, गुप्तारघाट, सरयू तट, लता मंगेशकर चौक, मणिराम दास छावनी समेत 100 मंदिरों, प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे।

### फहराया जाएगा ऐसा खास ध्वज

राम मंदिर पर फहराए जाने वाले खास ध्वज को मध्य प्रदेश के रीवा में तैयार किया गया है। इस ध्वज पर सूर्य के साथ खास कोविदार वृक्ष को अंकित किया गया है। सूर्य और कोविदार वृक्ष को इस ध्वज पर स्थान दिया गया है। दरअसल सूर्य भगवान राम के वंश (सूर्यवंशी) को दर्शाता है। वहीं माना जाता है कि किसी समय में कोविदार वृक्ष अयोध्या साम्राज्य की शक्ति और संप्रभुता का प्रतीक था।

### 114 कलशों के जल से कराया रामलला की मूर्ति को स्नान, हुए कई अनुष्ठान

प्राण प्रतिष्ठा के छठे दिन रविवार सुबह 114 कलशों में औषधियुक्त जल एवं देश के विभिन्न तीर्थों से लाए गए पवित्र जल से श्रीरामलला की मूर्ति का स्नान सम्पन्न हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में नित्य के पूजन, हवन और पारायण के साथ पूजा प्रक्रिया प्रारम्भ हुई, जो शाम तक जारी। श्रीरामलला के विग्रह को मध्याधिवास में रखा गया। चेन्नई, पुणे सहित कई स्थलों से मंगाएगये विविध फूलों से पूजन का अनुष्ठान सम्पन्न कराया जा रहा है.

### एनडीआरएफ की टीमों ने संभाला मोर्चा

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मदेद्नजर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के जवानों ने मोर्चा संभाल लिया है। उप महानिरीक्षक 11 वाहिनी एनडीआरफ वाराणसी मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में वाराणसी, लखनऊ और गोरखपुर से विशेष रूप से प्रशिक्षित एवं चिह्नित टीमों को तैनात किया गया है।

### मंत्रों के बीच 10 बार स्नान, 10 बार पीएम मोदी करेंगे दान

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गुरुदेव गिरिजी महाराज ने बताया, प्रधानमंत्री अयोध्या में राम मंदिर पहुंचने पर सबसे पहले स्नान के लिए जाएंगे। इसके बाद पीएम मोदी पहले उत्तर द्वारा की ओर जाएंगे और फिर पूर्व द्वार से प्रवेश करेंगे, जहां मंदिर का मुख्य प्रवेश द्वार है। मंदिर में प्रवेश करने के बाद प्रधानमंत्री सबसे पहले न्यासी लोगों से मिलेंगे। उन्होंने कहा, मंदिर में प्रवेश के बाद मंत्रों के बीच 10 तरह के स्नान करना आवश्यक होता है. मंत्रों के बीच 10 बार जल का छिड़काव होगा। उसके बाद प्रधानमंत्री को 10 तरह के दान देने हैं. इसके बाद पीएम मोदी गर्भगृह में प्रवेश करेंगे। पीएम मोदी करीब 45 मिनट तक गर्भगृह में पूजा करेंगे। पूजा करीब 12:20 बजे शुरू होगी और करीब 50 मिनट तक चलेगी।

## पीएम ने धनुषकोटी राम मंदिर में की पूजा अर्चना



**रामेश्वरम (तमिलनाडु)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अरिचल मुनाई के पास राम मंदिर में पूजा करके देश के दक्षिणी हिस्सों में रामायण से संबंध वाले मंदिरों की अपनी आध्यात्मिक यात्रा पूरी की। पीएम मोदी ने श्री कोठंडारामस्वामी मंदिर में पूजा की और दर्शन किए। यह धनुषकोटी और अरिचल मुनाई की ओर जाने वाले रास्ते पर है। कहा जाता है कि अरिचल मुनाई वह स्थान है, जहां राम सेतु का निर्माण हुआ था। पीएम मोदी ने समुद्र तट पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने समुद्र का जल हाथों में लेकर प्रार्थना की और अर्घ्य दिया। प्रधानमंत्री ने वहां बने राष्ट्रीय प्रतीक स्तंभ पर भी पुष्पांजलि अर्पित की। तमिल में कोठंडारामस्वामी भगवान राम को धनुष और बाण से दर्शाते हैं।

### पूरी दुनिया बनेगी प्राण प्रतिष्ठा की साक्षी




# जश्न का माहौल, अमेरिका तक में भी होगा सीधा प्रसारण

एजेंसी | नई दिल्ली

अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की धूम भारत समेत कई देशों में देखने को मिल रही है। विदेशों में बसे हिंदू भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी बनना चाहते हैं, जिसके लिए विदेशों में भी खास तैयारियां की गई हैं। अमेरिका, मारीशस समेत अनेक देशों में जश्न का माहौल है। 50 से ज्यादा देशों में प्राण प्रतिष्ठा आयोजन का लाइव प्रसारण किया जाएगा। अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फिजी, इंडोनेशिया और जर्मनी समेत कई देशों में लाइव प्रसारण होगा। अमेरिका में 300 से अधिक और ऑस्ट्रेलिया में 30 से अधिक जगहों पर प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े आयोजन किए जाएंगे। पेरिस में ऐफिल टॉवर तक राम यात्रा निकाली जाएगी। अमेरिका में न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वेयर पर बड़ी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण किया जाएगा

कैलिफोर्निया में शनिवार को सनीवेल से गोल्डन गेट तक एक कार रैली का आयोजन हुआ। इस रैली में भगवा बैनर लेकर 1,100 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। अमेरिका के 10 राज्यों में विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने भगवान राम और राम मंदिर वाले 40 से अधिक होर्डिंग्स लगाए गए हैं। कैलिफोर्निया के बे क्षेत्र में कार रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के बाद एक टेस्ला कार लाइट शो भी हुआ। राम रथ के नेतृत्व में तकरीबन 100 मील लंबी रैली का आयोजन हुआ। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी चाक चौबंद रही। गोल्डन गेट तक आयोजित विशाल रैली में 300 से अधिक कारों ने हिस्सा लिया। वहीं, आयोजकों में शामिल परम देसाई ने कहा कि भव्य उत्सव न केवल एक अहम सांस्कृतिक कार्यक्रम है।



### राष्ट्रपति मुर्मू ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

## भारत के सर्वोत्तम आयामों के प्रतीक हैं राम

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि भारत के सर्वोत्तम आयामों का प्रतीक मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हैं। तीन पन्नों के पत्र में राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने जो 11 दिवसीय अनुष्ठान किया है, वह त्याग की भावना से प्रेरित सर्वोच्च आध्यात्मिक कृत्य है। उन्होंने इसे प्रभु श्रीराम के प्रति संपूर्ण समर्पण का भाव भी करार दिया। भगवान श्रीराम के साहस, करुणा और अटूट कर्तव्यनिष्ठा जैसे गुणों का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, मर्यादा पुरुषोत्तम ने जिन सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों की प्रतिष्ठा की थी। उन्हें अयोध्या के भव्य राम मंदिर के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रपति ने महात्मा गांधी के जीवन पर भगवान राम के प्रभाव का भी जिक्र किया। भारतवासियों का सौभाग्य; नए कालचक्र की शुरुआत के साक्षी राष्ट्रपति ने पत्र में लिखा, प्रधानमंत्री की ओर से की गई पूजा-अर्चना से भारत की अद्वितीय सभ्यता और अब तक की सांस्कृतिक यात्रा का ऐतिहासिक चरण पूरा होगा।



## नेशनल किड्स इमर्जिंग स्टार अवॉर्ड्स सीजन वन में ब्रांड एंबेसडर की लॉन्चिंग

# किड्स टैलेंट को सम्मान के संग मिला मोटिवेकशन और कॅरिअर की गाइडेंस

बेधड़क | जयपुर

गोपालपुरा रोड स्थित फिल्म भवन में रविवार को इंडियाज लिटिल फैशन हंटर्स और मोमाटोज के सहयोग से फ्रॉम प्लेग्राउंड टू स्टारडम के स्लोगन के साथ नेशनल किड्स इमर्जिंग स्टार अवॉर्ड्स 2024 सीजन 1 का आयोजन किया गया। इसमें पूरे भारत वर्ष से आए 40 से अधिक टैलेंटेड किड्स को 20 से अधिक कैटेगरीज में सम्मानित कर प्रोत्साहन दिया गया। साथ ही उनकी कॅरिअर काउंसलिंग भी की गई।




### 20 से अधिक कैटेगरीज में ट्रॉफी और अवॉर्ड

आयोजक अनूप चौधरी ने बताया कि यह एक किड्स बेस्ड नेशनल लेवल अवॉर्ड शो है, जिसमें पैन इंडिया से 3 से 17 वर्ष के बच्चों ने पार्टिसिपेट किया है। मॉडलिंग, डांस, स्पोर्ट्स, सिंगिंग, एकेडमिक, इनफ्लुएंसर जैसी अलग अलग 20 से अधिक कैटेगरीज में किड्स को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया है। कुल मिलाकर 40 से अधिक बच्चों को उनके टैलेंट के अनुसार सम्मानित किया गया है।



### सुख, शनाया और तन्मय बने एंबेसडर

प्रोग्राम में इंडियाज लिटिल फैशन हंटर्स और ए इन्फिनिटी टेकओवर्स के ब्रांड एंबेसडर की लॉन्चिंग भी गई। सुख चौधरी और शनाया सिंह को आईएलएफएच का और तन्मय शर्मा को ए इनफिनिटी टेक ओवर्स का ब्रांड एंबेसडर घोषित किया गया। प्रोग्राम में स्पेशल गेस्ट के तौर पर शहर के आईएएस, आईपीएस, समाजसेवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## चॉकलेट से बनाया 'राम मंदिर'



**बेधड़क. जयपुर।** लाबोन बाउच फ्रेंच बेकरी ग्राउंड अनुकंपा की टीम ने 80 किलो चॉकलेट से राम मंदिर की हूबहू प्रतिकृति बनाई। कृष्णा हर्ष ने बताया कि इसे बनाने में 10 विशेष शेफ की टीम को 20 दिन लगे। मुख्य शेफ अभिराजसिंह ने बताया कि यदि इस प्रतिकृति के तापमान को स्थिर रखा जाए तो इसे एक वर्ष तक सुरक्षित रह सकता है। प्रतिकृति के लोकार्पण अवसर पर विप्र फाउंडेशन के जोन अध्यक्ष राजेश कर्नल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार हर्ष, भाजपा नेता शिवराज बिश्नोई, समाज सेवी पवनकुमार पारीक, क्रिकेटर चिराग़, विप्र महिला महासचिव सुनीता शर्मा व सस्स्य दीक्षा हर्ष,पूनम हर्ष तथा कार्तिक आदि मोजूद रहे।

## शिविर में निशुल्क उपचार




**बेधड़क. जयपुर।** नेशनल मेडिकल हेल्थ एवं सोशल वेलफेयर ट्रस्ट एवं सीएल पंवार हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। वैशाली नगर स्थित विराट एलिगेंट बालाजी अपार्टममेंट में लगाए गए शिविर में डॉ. सीएल पंवार व उनकी टीम ने 135 रोगियों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। समाजसेवी कुमार भविष्य ने बताया कि शिविर में एलर्जी, चर्म रोग, अस्थमा, पाइल्स, पथरी, मोटापा, फेटी लीवर, कॉलेस्ट्रोल, डाइबिटिज, डिप्रेशन, माइग्रेन, न्यूरोलॉजी समस्या, स्त्री रोग, साइटिका, पेट संबंधित कई बीमारियों की जांच कर निशुल्क परामर्श दिया गया।

## निशि की मूवी का BFF में होगा प्रीमियर

बेधड़क | जयपुर

जयपुर की युवा फिल्मकार निशि दूगड़ की लघु-फिल्म 'अनारदाना' का वर्ल्ड प्रीमियर 15 से 25 फरवरी के बीच होने वाले बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में भारत की प्रविष्टि के रूप में किया जाएगा। निशि ने इस मूवी का डायरेक्शन करने के साथ ही इसका निर्माण भी किया है। यह एक चुलबुली बालिका की कहानी है, जिसकी बेफिक्र चंचलता पर अचानक परिवर में हुई एक दुःखद घटना ने विराम लगा दिया। निशि को फिल्म मेले में भाग लेने के लिए बर्लिन आने का निमंत्रण मिला है। गौरतलब है कि इस मूवी के रूप में यह निशी का प्रथम संघर्षपूर्ण प्रयास है। इसमें उसे अपने माता-पिता व निर्माण-सहयोगियों का प्रोत्साहन मिला। निशि का जन्म




फतेहपुर के जयपुर निवासी दूगड परिवार में हुआ। वह कोलकाता के सेंट जेवियर कॉलेज की मल्टीमीडिया विषय में स्नातक है। उन्होंने फिल्म संबंधी शिक्षा फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, पुणे से की है।

## स्वच्छथोन में दौड़े जयपुरराइट्स

बेधड़क | जयपुर

जयपुर स्वच्छथोन रन की ओर से 10 किलोमीटर की रन का आयोजन हुआ। रन के ब्रांड एंबेसडर विष्णु टांक ने रन की शुरुआत हल्दीघाटी प्रताप नगर से की।

आलोक शर्मा, सचिन भाटिया, संदीप राव, प्रगति सहित सभी रनर्स ने मैराथन में प्रतिभागियों को स्वास्थ के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। मैराथन में विजेताओं को




पुरस्कार और सभी प्रतिभागियों मेडल देकर सम्मानित किया। मैराथन में प्रतिभागियों ने जयपुर स्वच्छथोन स्पोर्ट्स रन के माध्यम से दौड़ शुरू की गई थी। टी-शर्ट्स व रंग-बिरंगी टोपियां पहन रखी थीं और बैनर हाथ में ले रखे थे।

## भक्ति संगीत में श्रोता भावविभोर



**बेधड़क. जयपुर।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में हो रहे कार्यक्रमों की कड़ी में विवेकानंद केंद्र शाखा में भक्ति संगीत का आयोजन किया गया। जयपुर के नगर प्रमुख चेतन प्रकाश गोयल ने बताया कि केंद्र के कार्यकर्ताओं ने भगवान राम, कृष्ण, हनुमान, शंकर आदि के भजन गाए। इस मौके पर केंद्र की अखिल भारतीय उपाध्यक्ष माननीय निवेदिता भिड़े दीदी का मार्गदर्शन पत्र पढ़कर सुनाया गया। भक्ति संध्या में ओम प्रकाश गुप्ता, कैलाश सिंह गुप्ता, शुभांगी, संदीप सुखवाल सहित कार्यकर्ता और भक्तजन मौजूद रहे।

# City इवेंट्स

### सैन कॉलोनी में सभागार भवन का उद्घाटन




**बेधड़क. जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर की ओर से सैन कॉलोनी, गली नंबर 2, झालाना डूंगरी में नवनिर्मित सभागार भवन का उद्घाटन मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ, चेयरमैन व पार्षद वार्ड नं.-139 लक्षमण सिंह नुनीवाल, भाजपा राजापार्क मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा ने रविवार को किया। इस मौके पर श्री बालाजी सेवा समिति की ओर से अध्यक्ष बालकिशन शर्मा, उपाध्यक्ष शीशपाल सिंह, महामंत्री बहादुर सिंह, सचिव विनोद सैन, कोषाध्यक्ष मांगीलाल सोलंकी के साथ समिति के कार्यकर्ताओं भी मौजूद रहे। सभागार का निर्माण जयपुर नगर निगम ग्रेटर के अंतर्गत स्थानीय पार्षद कोष से करवाया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम में श्री रमेश चंद्र शर्मा समाजसेवी एवं व्यवसायी, देवनारायण मीणा एसटीएससी मोर्चा अध्यक्ष भाजपा, जगमोहन पारीक, अनिल सेन, किरण सैन, अशोक सैन, गणेश सेन, किशनाराम, जितेंद्र सैन, हेमंत सैन, अनुज शर्मा, अमित शर्मा, रामकरण सैन, गौरव सेन, महेश सैन, महेश सिंह सहित समिति के पदाधिकारी एवं कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

### आज जन्मने वाले बच्चों का होगा सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 21 जनवरी रात 12:00 बजे से 22 जनवरी रात 12:00 बजे तक जयपुर शहर सीमा में सामान्य प्रसव से जन्म लेने वाले बच्चों का सम्मान किया जाएगा। सामाजिक कार्यों में अग्रणी बिग 4 समूह के प्रवीण नाहटा, सुनील संगही, सतीश भाटिया तथा सुशील जालान ने यह घोषणा करते हुए बताया कि ऐसे बच्चों को रामनवमी पर एक समारोह आयोजित कर चांदी का एक विशिष्ट सिक्का, जिसके एक तरफ राम मंदिर और दूसरी तरफ भगवान राम का चित्र बना होगा भेंट किया जाएगा। साथ ही एक प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

### आईपीएस फांसल की पुस्तक का विमोचन



जयपुर। झालाना स्थित डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी में रविवार को पूर्व आईपीएस यादराम फांसल की पुस्तक 'शोषित वर्ग अपने बच्चों की परवरिश कबीर से करें' का विमोचन सोसायटी अध्यक्ष डीजीपी साइबर क्राइम डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने किया। इस मौके पर पूर्व कुलपति, प्रो. श्याम लाल जेदिया, पूर्व आईएएस, ललित मेहरा, जेपी विमल, रघुवीर मीना, पूर्व आईपीएस आरपी सिंह, हरिराम मीणा, केएल बेरवाल, डॉ. भजन लाल रोलन, पूर्व आईआरएस अभिजीत कुमार, रामेश्वर सेवार्थी ने पुस्तक पर विचार रखे। महासचिव जीएल वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया और संचालन याचना फांसल ने किया। कार्यक्रम में रामावतार गोठवाल, हरिनारायण बैरवा, मनीष देवेन्दा, गुरुप्रसाद लेखरा, डॉ. दयानंद टांक, रघुनाथ बौद्ध, विनोद कुमार,महेंद्र हिंगोनिया,किशन लाल बाडेदिया, लालाराम,पूर्ण सिंह मौर्य, मदन लाल दूदवाल, राजकुमार मल्होत्रा, कमलेश कुमार, धर्मराज सिंगोर सहित कई लोग मौजूद रहे।

## भारतीय गोशाला सहयोग परिषद ने चलाया अभियान

# गोशाला में की सफाई, आज गोमाता को सुनाएंगे रामधुनी



बेधड़क | जयपुर

अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रमों की कड़ी में रविवार को पिंजरापोल गोशाला में सौ से अधिक गोभक्तों ने परिसर में साफ-सफाई की। सोमवार को प्रातः साढे 7 बजे पंचगव्य से गोमाता को स्नान किया जाएगा। साथ ही गौठान की साफ-सफाई कर रविवार रात 12 बजे से सोमवार रात 12 बजे तक गौमाता को रामधुनी सुनाई जाएगी। भारतीय गोशाला सहयोग परिषद के संरक्षक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया जयपुर जयपुर जिले की 35 गोशालाओं में रविवार को यह सफाई अभियान चलाया गया है। पिंजरापोल गोशाला से अभियान की शुरुआत की गई है, जो 10 दिन तक लगातार जारी रहेगा। रविवार को पिंजरापोल गोशाला में तीन घंटे तक चले सफाई अभियान में करीब सौ से अधिक गोभक्तों ने साफ-सफाई की। शाम को गोशाला में रोशनी की गई। सोमवार शाम 4 बजे से सुंदरकांड का पाठ होगा। इसके बाद राम दरबार का पूजन व गोमाता का अभिषेक किया जाएगा। देर शाम को गाय के गोबर से बने 5100 दीपकों से दीप महोत्सव होगा। अंत में प्रसादी वितरित की जाएगी। गोशाला समिति के अध्यक्ष राधेश्याम विजवर्गिया ने बताया कि सेवा कार्य में शिवरतन चितलांगिया व हेनिमैन चेरिटेबल मिशन सोसाइटी की सचिव मोनिका गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने साफ-सफाई की।

## गुर्जर युवक-युवती परिचय एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

# 154 युवक-युवतियों ने परिचय दिया, 286 स्टूडेंट्स का सम्मान




बेधड़क | जयपुर

गुर्जर समाज के समाज के 154 युवक-युवतियों ने मंच पर आकर अपना परिचय दिया। इनमें से 17 जोड़ों ने एक दूसरे को अपना जीवन साथी चुना। इस मौके पर समाज के 286 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कर उन्हें मोटीवेट किया गया। मौका था रविवार को बिड़ला सभागार में सामूहिक विवाह आयोजन सिमिति गुर्जर समाज की ओर से आयोजित किए गए युवक-युवती परिचय एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का। सम्मेलन में समिति के अध्यक्ष गोविंद पोसवाल एव महामंत्री नवरत्न गुर्जर बारवाल ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एव दुपट्टा देकर सम्मानित किया।

सम्मेलन में समाज के भामाशाह और तय जोड़ों के माता-पिता का सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम सेवक दास जी महाराज, महंत पापड़ वाले हनुमान, बीजोलाव दूदू गुर्जर कन्या महाविद्यालय छात्रावास के महंत मंगलनाथ महाराज ने की। मुख्य अतिथि हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर, जमवारामगढ़ प्रधान एडवोकेट रामफूल छेपट, भाजपा नेता रवि नैयर, पार्षद अमर सिंह गुर्जर, आरपीएससी मेंबर ब्रह्म सिंह गुर्जर रहे। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश गुर्जर एडवोकेट ने बताया कि सम्मेलन में तय हुए 17 जोड़ों का विवाह 12 मार्च को दशहरा मैदान में करवाया जाएगा। कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र चौहान एवं प्रवक्ता संजीव दोराता ने बताया कि समारोह में देशभर की गुर्जर प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

**श्रीराम संवाद** | पं.सलिल भट्ट ने साकार किए रामायण के रोचक प्रसंग

# प्रभु श्रीराम का सुरीले सुरों से किया अनुपम श्रृंगार

बेधड़क | जयपुर

तंत्री सम्राट पं. सलिल भट्ट ने सुरीले सुरों से प्रभु श्रीराम के सुमधुर भजनों का श्रृंगार कर माहौल को राममयी बना दिया। भट्ट ने खुद के प्रतिष्ठापित सनातन सात्विक स्वर संवाद कार्यक्रम में अनूठा, अप्रतिम प्रभु श्रीराम संवाद प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए।

पं. सलिल भट्ट ने सात्विक वीणा पर रामायण के अनेक रोचक प्रसंग साकार किए। यह कार्यक्रम मालवीय नगर स्थित आर्च कॉलेज के मुख्य सभागार में हुआ।




### संवाद कार्यक्रम रहा मुख्य आकर्षण का केन्द्र

आर्च कॉलेज और शुभ विचार संस्था की तरफ से हुए इस कार्यक्रम में आला फनकार पं.सलिल भट्ट ने प्रभु श्रीराम के अयोध्या में पुनर्स्थापित होने के महापर्व के एक दिन पहले रविवार को प्रभु श्रीराम के पूर्वज, श्रीराम की अद्भुत शक्तियों और श्रीराम के परिवार के बारे में रोचक जानकारी देकर श्रोताओं को आनंदित किया। कलाकार पं. सलिल भट्ट ने सात्विक वीणा साज पर सुरों की सजावट से प्रभु श्रीराम का दिल को छू लेने वाला सुमिरन कराया। पं.सलिल भट्ट और सुप्रसिद्ध तबला वादक पं. रामकुमार मिश्रा का यह अनूठा सम्वाद कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा।

**करुण कहानी में भक्ति रस बरसा**

कार्यक्रम में प्रभु श्रीराम भजन से आरंभ होकर राम सिया की करुण कहानी मे भक्ति रस बरसा। राग किरवानी, राग रागेश्री, राग जोग में भक्ति धारा प्रवाहित हुई। तीन ताल, कहरवां ताल में कई बार श्रोताओं ने करतल ध्वनि से कलाकारों का स्वागत किया। पायो जी मैंने राम रतन धन पायो...जैसे सुरीले श्रीराम भजन से कार्यक्रम को विराम दिया। अंत में आर्च कॉलेज की संस्थापक अर्चना सुराणा और शुभ विचार संस्था के निदेशक जीतेन्द्र शर्मा ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, सोमवार, 22 जनवरी, 2024



भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का यह अद्भुत और ऐतिहासिक क्षण हम सभी को हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप





## गाजा में इजराइली सेना के भीषण हवाई हमले

# 24 घंटे में 165 की मौत, 280 घायल

**एजेंसी** | गाजा पट्टी

गाजा में इजराइली सेना के भीषण हवाई हमले पिछले 24 घंटों के भीतर 165 लोगों की मौत हो गई, जबकि 280 लोग घायल हो गए। 7 अक्टूबर से अब तक युद्ध में 24 हजार 927 लोग मारे जा चुके हैं। इसके अलावा 62 हजार 388 लोग घायल हो गए।

इजराइली बलों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस के उत्तर-पूर्व में अल-करार शहर में कई घरों को बम से उड़ा दिया। कई लोग अभी भी मलबे और सड़कों पर फंसे हुए हैं क्योंकि बचावकर्मी उन तक पहुंचने में असमर्थ हैं। खान यूनिस में एक टोही विमान द्वारा सीधे निशाना बनाए जाने से भी एक फिलिस्तीनी की मौत हो गई। इसके अलावा इजराइल विमानों ने खान यूनिस के पूर्व और दक्षिण में बानी सुहैला, अल-जाना, अबासन और बटन अल-समीन में हवाई हमले किए। इजराइली विमानों ने जबालिया शहर पर भी हमला किया।

### 7 अक्टूबर के बाद से जारी इजराइल के हमले

हमास द्वारा 7 अक्टूबर को किए गए सीमा पार हमले के बाद से इजरायल की सेना गाजा पट्टी पर हमला कर रही है। हमास के हमले में करीब 1,200 लोग मारे गए थे और 200 से ज्यादा लोगों को हमास लड़ाके बंधक बनाकर गाजा ले आए थे। इसके बाद इजराइल ने गाजा पर हमले शुरू कर दिए थे। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इजराइल के हमलों की वजह से करीब 85 फीसदी गाजावासी विस्थापित हो गए हैं। बड़ी तादाद में लोग आश्रय स्थलों में रह रहे हैं, जहां उनके सामने खाना और पानी जैसी जरूरतों को पूरा करने का भी संकट है। गाजा में हो रही लड़ाई में महिलाएं और बच्चे बहुत ज्यादा प्रभावित हैं। इस सबके चलते गाजा में मानवीय संकट खड़ा हो गया है। इसे देखते हुए दुनियाभर के देश इस विवाद को जल्दी से जल्दी हल करने और क्षेत्र में शांति स्थापित करने पर जोर दे रहे हैं।

## न्यूयॉर्क से लेकर पेरिस तक मनाया जा रहा रामोत्सव

# पूरी दुनिया हुई राममय

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अयोध्या में सोमवार को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरी दुनिया में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर भारत में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी खुशियों का आयोजन किया जा रहा है। न्यूयॉर्क से लेकर पेरिस तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। रामोत्सव मनाया जा रहा जा रहा है। अमेरिका में रहने वाले भारतीय नागरिकों ने न्यू जर्सी में एक कार रैली का आयोजन किया।

रैली के दौरान हिंदू समुदाय के लोगों ने अपनी कारों पर भगवान राम की तस्वीर वाले झंडे लगाए। अमेरिका में कई शहरों में विशाल होर्डिंग पर भव्य मंदिर की छवियां भी देखी जा रही हैं। इसके साथ ही, टेक्सास में भी लोग अपने घरों और मंदिरों में राम जप, अखंड रामायण और रामलीला जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को सीधे प्रसारित करने की खबरें भी आ रही हैं।

डलास फोर्ट वर्थ हिंदू टेम्पल सोसायटी ने प्रतिष्ठा समारोह के तहत राम लीला सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें राम रक्षा स्तोत्र, श्री रघुनंदन हवन, ढोल-ताशा के साथ राम परिवार मूर्ति जुलूस, राम राज्य अभिषेक, पूजन, और राम लला की आरती शामिल हैं। ग्रेटर ह्यूस्टन में भी पुष्प वाहन परेड और भगवान श्री राम एग्जीबिशन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के पश्चिमी सिडनी के परामट्टा पार्क और मेलबर्न के किंग्सले पार्क में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा ब्रिस्बेन, पर्थ, एडिलेड और न्यू साउथ वेल्स में भी विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। मॉरीशस में भी खास इंतजाम किया गया है, जहां सोमवार को दिवाली जैसा उत्सव भी मनाया जाएगा। अफ्रीकी देशों में भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की धूम मची हुई है।



### ब्रिटेन की हाउस ऑफ कॉमन्स में राम भजन

ब्रिटेन में भी अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर उत्साह का माहौल है। ब्रिटेन की संसद यानी कि हाउस ऑफ कॉमन्स में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर जश्न मनाया। ब्रिटेन की संसद श्रीराम के नारों से गूंज उठी। सदस्यों ने राम भजन गाए और शंख बजाया। साथ ही संसद में मौजूद लोगों को काकभुशुंडी संवाद भी सुनाया।

### सिडनी में 100 कारों की रैली

राम मंदिर अभिषेक समारोह का उल्लास सिर्फ भारतीयों में नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में है। सिडनी में भारतीय प्रवासियों ने एक कार रैली आयोजित की। इस आयोजन में 100 से अधिक कारें शामिल थीं। लोगों के हाथों में भगवान राम की छवियों वाले झंडे थे। इसमें आतिशबाजी भी की गई।

### राम मंदिर दर्शनों के लिए आना चाहते हैं न्यूजीलैंड के मंत्री



अयोध्या के भव्य राम मंदिर के निर्माण से न सिर्फ भारत बल्कि विदेशों में भी लोग काफी खुश हैं। न्यूजीलैंड के कई मौजूदा मंत्रियों ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई संदेश भेजे और कहा कि उनके नेतृत्व की वजह से 500 साल का लंबा इंतजार खत्म हुआ और मंदिर का निर्माण संभव हो पाया। न्यूजीलैंड के विनियमन मंत्री डेविड सेमोर ने कहा, "जय श्री राम... मैं पीएम मोदी सहित भारत में सभी को बधाई देना चाहता हूं, क्योंकि यह उनका नेतृत्व था जिसने 500 साल के बाद इस (राम मंदिर) निर्माण को संभव बनाया। मंदिर भव्य है और यह हजारों साल तक राम की ख्याति को दर्शाएगा।"

## उत्तर कोरिया के विदेश मंत्री ने किया रूस का दौरा

# पुतिन जल्द करेंगे उत्तर कोरिया का दौरा

**एजेंसी** | प्योंगयांग



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्दी ही उत्तर कोरिया का दौरा कर सकते हैं। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने बताया है कि पुतिन ने बीते हफ्ते रूस में उत्तर कोरियाई विदेश मंत्री चोई सोन हुई से मुलाकात के दौरान प्योंगयांग का दौरा करने की इच्छा व्यक्त जाहिर की है। केसीएनए ने उत्तर कोरिया के विदेश मंत्री के सहायक कार्यालय का हवाला देते हुए कहा कि पुतिन ने यात्रा के निमंत्रण के लिए उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन को भी धन्यवाद दिया। समाचार एजेंसी ने कहा कि चोई की यात्रा के दौरान, रूस ने यूक्रेन सैन्य अभियान में समर्थन और एकजुटता के लिए उत्तर कोरिया को धन्यवाद दिया। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि रूस को उम्मीद है कि किम के निमंत्रण पर पुतिन जल्दी ही उत्तर कोरिया की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी तारीख पर सहमति नहीं बनी है।




## श्रीलंका के मना करने के बाद बनाया नया ठिकाना

# मालदीव में आएंगे चीन के जासूसी जहाज

**एजेंसी** | माले

श्रीलंका के मना करने के बाद मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने चीनी जासूसी जहाजों को अपने देश में रुकने की अनुमति दे दी है। मालदीव के इस कदम से भारत की चिंता बढ़ गई है।

चीन का जियांग यांग होंग 03 जहाज मालदीव के रास्ते में है। उसके फरवरी में मालदीव की राजधानी माले में रुकने की आशंका है। चीन का यह जहाज उन्नत सर्वेक्षण और निगरानी उपकरणों से सुसज्जित है। यह मालदीव से भारत के दक्षिणी हिस्से की जासूसी कर सकता है। चीनी जासूसी जहाजों के हिंद महासागर में उपस्थिति को लेकर अमेरिका ने भी चिंता जताई है।



### भारत के खिलाफ काम कर रहे हैं मुइज्जू

मालदीव के वर्तमान राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भारत के खिलाफ लगातार काम कर रहे हैं। चीनी जासूसी जहाज को मालदीव में रुकने की इजाजत देने को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। मालदीव के राष्ट्रपति चीन के करीबी हैं। हाल में ही चीन दौरे पर उन्होंने कई ऐसे समझौते किए हैं, जिन्हें गुप्त रखा गया है। मालदीव की विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि ये समझौते चीनी सेना की मालदीव में उपस्थिति को बढ़ा सकते हैं। मुइज्जू ने चीन से लौटने के बाद मालदीव की भारत पर निर्भरता को कम करने के लिए भी कई कदम उठाए हैं।

### हिंद महासागर में क्या कर रहे जासूसी जहाज

चीनी जासूसी जहाज हिंद महासागर में वैज्ञानिक परीक्षण करने की आड़ में क्षेत्र के विशाल हिस्से का सर्वेक्षण कर रहे हैं। इन जहाजों से इकट्ठा किया गया डेटा मलक्का जलडमरूमध्य के उथले पानी और पूर्वी हिंद महासागर के माध्यम से नेविगेट करने की कोशिश करने वाली चीनी पनडुब्बियों के लिए अमूल्य होगा। इससे भारत को बहुत ज्यादा परेशानी हो सकती है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl